**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 247 लखनऊ, गुरूवार 30 अप्रैल 2026 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## यूपी में विकास की नई लाइफलाइन शुरू - मोदी



संवाददाता।
लखनऊ। आज के कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया और इस परियोजना को राज्य की विकास यात्रा की नई जीवन रेखा बताया। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे गांवों, किसानों, युवाओं और उद्यमियों को सीधे जोड़ते हुए आर्थिक गतिविधियों को तेज करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के मल्लावां में 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का भव्य उद्घाटन कर राज्य की आधारभूत संरचना को नई दिशा दी। यह परियोजना न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। लगभग 36230 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह छह लेन का एक्सप्रेसवे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा और इससे मेरठ से प्रयागराज तक की यात्रा का समय वर्तमान 10 से 12 घंटे से घटकर लगभग 6 से 7 घंटे रह जाएगा। आज के कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया और इस परियोजना को राज्य की विकास यात्रा की नई जीवन रेखा बताया। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे गांवों, किसानों, युवाओं और उद्यमियों को सीधे जोड़ते हुए आर्थिक गतिविधियों को तेज करेगा। साथ ही केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने इसे देश के सबसे बड़े और आधुनिक एक्सप्रेसवे में से एक बताते हुए इसे विकास का प्रतीक बताया। हम आपको बता दें कि गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ से शुरू होकर प्रयागराज तक जाता है और यह 12 प्रमुख जिलों मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज को जोड़ता है। इस मार्ग से करीब 500 से अधिक गांव सीधे प्रभावित होंगे। यह परियोजना राज्य की राजधानी लखनऊ सहित कई महत्वपूर्ण शहरों की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी। मेरठ के जिलाधिकारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि इस परियोजना को लेकर जनता में व्यापक उत्साह है और इससे क्षेत्रीय संपर्क में बड़ी क्रांति आएगी।इस एक्सप्रेसवे की एक खास विशेषता यह है कि इसे सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल पर विकसित किया गया है। इसमें लगभग 80 प्रतिशत हिस्से का निर्माण अदाणी समूह की कंपनी ने किया जबकि शेष भाग का निर्माण आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा किया गया। निर्माण कार्य में 12000 से अधिक श्रमिकों ने भाग लिया, जिससे रोजगार के अवसर भी उत्पन्न हुए।गंगा एक्सप्रेसवे की संरचना अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। पूरे मार्ग पर इंटेलिजेंट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली, सीसीटीवी निगरानी, आपातकालीन कॉल बॉक्स और एम्बुलेंस सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा शाहजहांपुर जिले के पास लगभग साढ़े तीन किलोमीटर लंबी आपातकालीन हवाई पट्टी बनाई गई है, जहां आवश्यकता पड़ने पर वायुसेना के विमान उतर सकते हैं। यह सुविधा राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।परियोजना के अंतर्गत बड़े पुलों का निर्माण भी किया गया है, जिनमें गंगा नदी पर लगभग 960 मीटर लंबा पुल और रामगंगा नदी पर 720 मीटर लंबा पुल शामिल हैं। इन पुलों को क्षेत्र की बाढ़ परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए मार्ग पर नौ सार्वजनिक सुविधा केंद्र विकसित किए गए हैं, जहां ईंधन, विश्राम स्थल और भोजन की व्यवस्था होगी। एक्सप्रेसवे पर 21 इंटरचेंज बनाए गए हैं जो इसे राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य मार्गों से जोड़ते हैं। इसके अलावा यह परियोजना आगरा लखनऊ, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे जैसे अन्य प्रमुख मार्गों से भी जुड़ेगी, जिससे एक व्यापक परिवहन नेटवर्क तैयार होगा। भविष्य में इसे हरिद्वार तक लगभग 146 किलोमीटर और बढ़ाने की योजना भी है, जिससे धार्मिक और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।आर्थिक दृष्टि से भी यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञों का मानना है कि लगभग 600 किलोमीटर की दूरी तक सड़क परिवहन माल ढुलाई के लिए सबसे किफायती माध्यम होता है और 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे इस मानक के बिल्कुल अनुकूल है। इससे हर वर्ष 25000 से 30000 करोड़ रुपये की लॉजिस्टिक लागत में बचत होने का अनुमान है। साथ ही अगले दस वर्षों में लगभग तीन लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान मिलेगा। हम आपको यह भी बता दें कि टोल प्रणाली के तहत संचालित होने वाले इस एक्सप्रेसवे पर दो मुख्य टोल प्लाजा मेरठ और प्रयागराज में बनाए जाएंगे। हालांकि अंतिम शुल्क अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन यह अन्य एक्सप्रेसवे के समान होने की संभावना है। देखा जाये तो उत्तर प्रदेश आज देश के कुल नियंत्रित प्रवेश वाले एक्सप्रेसवे नेटवर्क का 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अपने पास रखता है। राज्य के मुख्य सचिव मनोज कुमार के अनुसार देश में लगभग 2900 किलोमीटर ऐसे मार्ग हैं, जिनमें से करीब 1200 किलोमीटर उत्तर प्रदेश में स्थित हैं।

## इंदिरापुरम की बहुमंजिली इमारत में भीषण आग, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया संज्ञान, राहत कार्य तेज करने के निर्देश

संवाददाता।
लखनऊ, । गाजियाबाद जनपद के इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित एक बहुमंजिली आवासीय इमारत में बुधवार सुबह लगी भीषण आग की घटना पर योगी आदित्य नाथ ने तत्काल संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदिरापुरम क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक बहुमंजिली आवासीय परिसर में अचानक आग लगने से वहां अफरा–तफरी मच गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते कई आवास इसकी चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग सहित अन्य राहत एवं बचाव दल तत्काल मौके पर पहुंच गए और संयुक्त प्रयासों से आग पर काबू पाने का कार्य शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित कर लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए गाजियाबाद के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों की स्वयं निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही इमारत में रहने वाले लोगों में भय का वातावरण बन गया और लोग अपने–अपने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। राहत एवं बचाव दल ने समय रहते लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का कार्य किया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि




नहीं हुई। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, जो प्रशासन और राहत दलों की तत्परता का परिणाम माना जा रहा है।प्रशासन द्वारा पूरे परिसर की जांच कराई जा रही है तथा आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों की टीम को लगाया गया है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी तकनीकी कारण या अन्य वजह से यह घटना हुई हो सकती है।प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

## सुभारती विश्वविद्यालय में 'रक्तदान शहीदों के नाम' अभियान, युवाओं ने दिखाई मानवीय संवेदना की मिसाल

### 110 से अधिक विद्यार्थियों का पंजीकरण, 40 यूनिट रक्तसंग्रहितय "मानव सेवा से राष्ट्र निर्माण" के संकल्प के साथ जागरूकता का संदेश

विजडम इंडिया।
देहरादून।
रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय, देहरादून में राष्ट्र बोध कार्यक्रम के अंतर्गत 'रक्तदान शहीदों के नाम' अभियान के





तहत एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर संस्कृति विभाग एवं कला संकाय के संयुक्त तत्वावधान में लाल बहादुर शास्त्री लोकप्रिय अस्पताल के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकप्रिय अस्पताल की निदेशिका प्रो. डॉ. जीवन आशा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।
कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए रक्तदान के महत्व, सामाजिक उपयोगिता एवं इसके स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। एमटीवी बुद्धिस्ट रिलीजियस एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. देशदीपक एवं मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल ने अपने प्रेरक उद्बोधन में युवाओं को निस्वार्थ भाव से मानव सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल जीवन बचाने का माध्यम है, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक भी है।
कुलपति प्रो. डॉ. देशदीपक ने अपने संबोधन में सुभारती समूह के संस्थापक, एमटीवी बुद्धिस्ट रिलीजियस एंड चौरिटेबल ट्रस्ट एवं विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अतुल कृष्ण के विचारकृ"मानव सेवा से चरित्र निर्माण एवं चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण"कृका उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति को सशक्त करते हैं। उन्होंने रक्तदान शिविर को एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल बताते हुए अधिकाधिक सहभागिता की अपेक्षा व्यक्त की।
लोकप्रिय अस्पताल की निदेशिका प्रो. डॉ. जीवन आशा ने अपने वक्तव्य में रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए इसके वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्य संबंधी लाभों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि नियमित अंतराल पर किया गया रक्तदान न केवल सुरक्षित है, बल्कि यह शरीर के लिए भी लाभकारी होता है।
शिविर में विद्यार्थियों का उत्साह उल्लेखनीय रहा। कुल 110 से अधिक छात्र–छात्राओं ने रक्तदान हेतु पंजीकरण कराया, जिनमें से 40 से अधिक यूनिट रक्त सफलतापूर्वक संग्रहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्कृति विभाग के सदस्य रमन कृष्ण किमोठी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अतुल कृष्ण के उद्देश्य के अनुरूप ऐसे शिविरों में एकत्रित रक्त का उपयोग सेना के जवानों एवं शहीद परिवारों के आश्रितों को न्यूनतम दर पर उपलब्ध कराने में किया जाएगा।
ब्लड बैंक, डॉ. के.के.बी.एम. सुभारती अस्पताल के प्रतिनिधि के रूप में असिस्टेंट रजिस्ट्रार श्री विकेंद्र सिंह कठैत ने आयोजन की सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कोटरा कैंपस की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र बोध कार्यक्रम की परंपरा के अनुरूप 'आजाद हिंद गान' के सामूहिक गायन के साथ किया गया।
इस अवसर पर विशेष कार्य अधिकारी बलवंत बोरा, संस्कृति विभाग के सचिव विनय सेमवाल, डीन एकेडमिक्स प्रो. मनमोहन गुप्ता, डीन आर्ट्स एंड सोशल साइंसेज डॉ. इमरान खान, डीन पैरामेडिकल डॉ. अनिर्बान पात्रा, डीन नेचुरोपैथी डॉ. नरेंद्र, कार्यक्रम संचालिका मिदत असलम, डॉ. ऋचा पुंडीर, डॉ. प्रतिभा जुयाल, डॉ. सारिका मित्तल, डॉ. पुष्पा ध्यानी, एनएसएस समन्वयक प्रदीप महारा सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी का मोदी सरकार पर हमला, बोले- ये विकास नहीं, विनाश है

एजेंसी।
दिल्ली। ग्रेट निकोबार द्वीप के जंगलों के दौरे के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि वहां के पेड़ याद से भी पुराने हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये जंगल पीढ़ियों से पोषित हुए हैं और द्वीप पर रहने वाले सुंदर लोगों को उनका हक छीना जा रहा है।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली की ग्रेट निकोबार में चल रही 81,000 करोड़ रुपये की सबसे महत्वाकांक्षी रणनीतिक अवसंरचना परियोजना पर निशाना साधते हुए इसे 'हमारे जीवनकाल में देश की प्राकृतिक और आदिवासी विरासत के खिलाफ सबसे बड़े घोटालों और सबसे जघन्य अपराधों में से एक बताया। कांग्रेस नेता, जो वर्तमान में द्वीप का दौरा कर रहे हैं, ने कहा कि केंद्र की यह महत्वाकांक्षी



परियोजना षविकास की आड़ में विनाश' के अलावा कुछ नहीं है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि सरकार इसे 'परियोजना' कहती है। मैंने जो देखा है, वह कोई परियोजना नहीं है। यह लाखों पेड़ों को काटने के लिए चिह्नित किया गया है। यह 160 वर्ग किलोमीटर का वर्षावन है जिसे नष्ट होने के लिए अभिशप्त किया गया है। यह उन समुदायों को नजरअंदाज किया गया है जिनके घर छीन लिए गए हैं।ग्रेट निकोबार द्वीप के जंगलों के दौरे के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि वहां के पेड़ याद से भी पुराने हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये जंगल पीढ़ियों से पोषित हुए हैं और द्वीप पर रहने वाले 'सुंदर' लोगों को उनका हक छीना जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार इसे 'परियोजना' कहती है। मैंने जो देखा है, वह कोई परियोजना नहीं है। लाखों पेड़ कटाई के लिए चिह्नित हैं। 160 वर्ग किलोमीटर का वर्षावन विनाश की कगार पर है। कई समुदायों को नजरअंदाज किया गया है और उनके घर छीन लिए गए हैं। इस विवाद की जड़ में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण द्वारा इस विशाल अवसंरचना परियोजना को दी गई मंजूरी है, जिसे कांग्रेस ने पहले अधूरा और गलत योजना पर आधारित बताया था। अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के सबसे दक्षिणी छोर पर एक माल ढुलाई और रसद केंद्र बनाने की योजना की सोनिया गांधी ने पहले भी आलोचना की थी और केंद्र से इस पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया था, जिसमें उन्होंने क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता और स्वदेशी समुदायों का हवाला दिया था।

## ममता का बीजेपी पर धांधली का आरोप,सुवेंद बोले- गुंडों से डरा रहीं टीएमसी

एजेंसी। दिल्ली। भाबानीपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही ममता ने कहा देखिए रात में हमारे कार्यकर्ता की किस तरह पिटाई की गई। इस अत्याचार को देखिए। यह किस तरह की गुंडागर्दी हो रही है?पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को चल रहे दूसरे चरण के मतदान में धांधली का आरोप लगाया और चुनाव आयोग के पर्यवेक्षकों पर आतंकवादियों की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया। भाबनीपुर में ममता का सामना कुछ क्षणों के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी और पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी से हुआ। सुवेंदु के भाबनीपुर पहुंचते ही ममता वार्ड नंबर 70 में बैठ चुकी थीं। सुवेंदु ने बार–बार कहा, ष्इन्हें देखिए। आज कोई इन्हें वोट नहीं देगा। कुछ देर पहले ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय बल उनकी पार्टी के सदस्यों के घरों में जबरन घुसकर मतदाताओं को डरा रहे हैं। उन्होंने ये टिप्पणियां कोलकाता में टीएमसी पार्षद आशीष बोस से मुलाकात के दौरान कीं। उन्होंने आगे दावा किया कि केंद्रीय बलों ने कल देर रात बोस के घर में प्रवेश किया था, जिसके कारण वह आज सुबह उनसे मिलने गई थीं।भाबानीपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही ममता ने कहा देखिए रात में हमारे कार्यकर्ता की किस तरह पिटाई की गई। इस अत्याचार को देखिए। यह किस तरह की गुंडागर्दी हो रही है? मतदान इस तरह नहीं होता। मतदान लोकतंत्र का त्योहार है, लेकिन उन्होंने इसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया है।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक ने चिकित्सालय पहुंचकर पूर्व मंत्री नरेन्द्र कुमार सिंह गौर का हालचाल जाना

संवाददाता लखनऊ, ।उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ पहुंचकर उपचाराधीन पूर्व मंत्री नरेन्द्र कुमार सिंह गौर से भेंट कर उनका हालचाल जाना तथा कुशलक्षेम की जानकारी प्राप्त की।उप मुख्यमंत्रीगण ने चिकित्सकों से नरेन्द्र कुमार सिंह गौर के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उनके उपचार से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने चिकित्सालय प्रशासन से कहा कि उन्हें बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और उपचार में किसी प्रकार की कोई कमी न रहने दी जाए।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पूर्व मंत्री नरेन्द्र कुमार सिंह गौर के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने उनके परिजनों से भी भेंट कर उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इस कठिन समय में उनके साथ है और हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है।उप मुख्यमंत्रीगण ने चिकित्सकों से कहा कि रोगी के स्वास्थ्य पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा उपचार की प्रत्येक प्रक्रिया को गंभीरता के साथ संपादित किया जाए, जिससे शीघ्र स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित हो सके।

# 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण, प्रधानमंत्री ने कहा उत्तर प्रदेश के विकास की नई लाइफ-लाइन बनेगा एक्सप्रेस-व

हरदोई(आरएनएस )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जनपद हरदोई में 36,230 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 594 किलोमीटर लंबे मेरठ–प्रयागराज गंगा एक्सप्रेस–वे का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान गंगा एक्सप्रेस–वे से संबंधित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पौधरोपण किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।प्रधानमंत्री ने नृसिंह भगवान की भूमि को नमन करते हुए कहा कि यहाँ माँ गंगा अपनी कृपा बहाती हुई गुजरती हैं और यह क्षेत्र किसी तीर्थ से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को गंगा एक्सप्रेस–वे का वरदान माँ गंगा के आशीर्वाद के समान है। अब लोग कुछ ही घंटों में संगम पहुँच सकेंगे और काशी में बाबा विश्वनाथ धाम के दर्शन कर वापस लौट सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार माँ गंगा हजारों वर्षों से देश और प्रदेश की जीवन रेखा रही हैं, उसी प्रकार यह एक्सप्रेस–वे उत्तर प्रदेश के विकास की नई लाइफ–लाइन बनेगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस–वे प्रदेश के एक छोर को दूसरे छोर से जोड़ने के साथ–साथ एनसीआर की संभावनाओं को भी समीप लाएगा। इस पर वाहनों की आवाजाही के साथ–साथ एक्सप्रेस–वे के किनारे नए औद्योगिक अवसर विकसित होंगे। हरदोई सहित अन्य जनपदों में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं, जिससे हरदोई, उन्नाव और शाहजहांपुर सहित 12 जनपदों में नए उद्योग स्थापित होंगे। फार्मा और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में क्लस्टर विकसित होंगे और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने कहा कि लगभग 600 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस–वे से पश्चिमी, मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के 12 जनपदोंकृमेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, अमरोहा, संभल, बदायूं शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराजकृके करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव आएगा। इस क्षेत्र की उपजाऊ भूमि और कृषि उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुँचाने में आसानी होगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।प्रधानमंत्री ने कहा कि दिसंबर 2021 में शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस–वे का शिलान्यास किया गया था और पाँच वर्ष से कम समय में उत्तर प्रदेश का सबसे लंबा एक्सप्रेस–वे बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने बताया कि इसके विस्तार की योजना पर भी कार्य शुरू हो चुका है और भविष्य में यह एक्सप्रेस–वे मेरठ से आगे हरिद्वार तक जोड़ा जाएगा। साथ ही फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस–वे के माध्यम से इसे अन्य एक्सप्रेस–वे से भी जोड़ा जाएगा।उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेस–वे बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, जिससे छोटे उद्योगों और एमएसएमई को भी लाभ मिलेगा। मेरठ के खेल सामान, संभल के हैंडीक्राफ्ट, बुलंदशहर के सेरेमिक, हरदोई के हैंडलूम, उन्नाव के लेदर और प्रतापगढ़ के



आंवला उत्पाद देश–विदेश के बाजारों तक आसानी से पहुँच सकेंगे, जिससे लाखों परिवारों की आय बढ़ेगी।प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश, जिसे कभी बीमारू राज्य कहा जाता था, आज वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है और नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में हो रहा विकास भविष्य में युवाओं के लिए बड़े अवसर पैदा करेगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री की विराट सोच के अनुरूप गंगा एक्सप्रेस–वे का उद्घाटन प्रदेश के आर्थिक विकास को नई उड़ान देगा। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेस–वे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ साबित होगा और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर, कृषि विकास तथा युवाओं के रोजगार के नए अवसरों को गति देगा।मुख्यमंत्री ने बताया कि 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस–वे के निर्माण के लिए लगभग 18 हजार एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई है और इसके किनारे विकसित किए जा रहे इंडस्ट्रियल क्लस्टर और लॉजिस्टिक हब के लिए लगभग 7 हजार एकड़ भूमि अलग से चिन्हित की गई है। इससे प्रदेश में नए निवेश और रोजगार के अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा।इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नन्दी', समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी ने मनोज मिश्रा को व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया, संगठन विस्तार को मिलेगी नई गति

लखनऊ(आरएनएस ),। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश ने अपने संगठनात्मक विस्तार को आगे बढ़ाते हुए व्यापार प्रकोष्ठ को नई दिशा देने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह की स्वीकृति से मनोज मिश्रा को व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी ने इस नियुक्ति के माध्यम से प्रदेश के व्यापारी वर्ग के मुद्दों को मजबूती से उठाने और संगठन को जमीनी स्तर तक विस्तार देने का स्पष्ट संकेत दिया है।

आम आदमी पार्टी लगातार प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है और समाज के प्रत्येक वर्ग तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास कर रही है। इसी क्रम में व्यापार प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी मनोज मिश्रा को सौंपा जाना एक रणनीतिक और दूरगामी महत्व का कदम माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि प्रदेश में व्यापारियों के सामने बढ़ती समस्याएंकृजैसे कर व्यवस्था से जुड़ी जटिलताएं, प्रशासनिक दबाव, भ्रष्टाचार और असुरक्षाकृको लेकर एक सशक्त मंच की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे अब और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने इस नियुक्ति पर कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा से व्यापारियों के हितों की आवाज उठाती रही है और आने वाले समय में इस संघर्ष को और अधिक तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन को हर जिले और हर बाजार तक मजबूत किया जाएगा, ताकि व्यापारियों की समस्याओं को सीधे सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जा सके और उनके समाधान की दिशा में ठोस प्रयास किए जा सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी व्यापारियों पर हो रहे किसी भी प्रकार के अन्याय और शोषण के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियां सदैव जनहित और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर आधारित रही हैं और वह इन्हीं मूल्यों को आधार बनाकर प्रदेश के व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए सतत प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार प्रकोष्ठ को हर जिले और हर बाजार तक सुदृढ़ बनाया जाएगा, ताकि व्यापारी वर्ग की समस्याओं का समाधान प्रभावी और समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश का व्यापारी वर्ग अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन उनकी आवाज को गंभीरता से सुनने वाला कोई सशक्त मंच उपलब्ध नहीं है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी इस स्थिति को बदलने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और व्यापारियों को एक मजबूत राजनीतिक एवं सामाजिक मंच प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाएगी।पार्टी की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह नियुक्ति केवल संगठन विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इस रणनीति के अंतर्गत व्यापारी, किसान, युवा और शिक्षक सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलाने तथा उनकी समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाने का संकल्प लिया गया है।

# गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण उत्तर प्रदेश के आर्थिक परिवर्तन का नया अध्याय केशव प्रसाद मौर्य

हरदोई(आरएनएस )। जनपद हरदोई में आज एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के सबसे बड़े एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया। इस गरिमामयी अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री का भावपूर्ण स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम में प्रदेश के अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर को प्रदेश के आधारभूत ढांचे और आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि यह एक्सप्रेसवे केवल एक सड़क परियोजना नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक कायाकल्प का मार्ग है। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज को सीधे जोड़ते हुए प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों के बीच संपर्क को मजबूत करेगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के मार्ग में 12 जनपद शामिल हैं और यह 519 गांवों की सीमाओं से होकर गुजरता है, जिससे बड़ी आबादी को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस एक्सप्रेसवे के संचालन से पश्चिम से पूर्वी उत्तर प्रदेश तक की दूरी में उल्लेखनीय कमी आएगी और यात्रा समय पहले की तुलना में काफी कम हो जाएगा।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश की सरकार विकास की नई परिभाषा गढ़ रही है और यह एक्सप्रेसवे 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे के दोनों ओर औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से लाखों युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही माल परिवहन की सुविधा सुगम होने से व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी और प्रदेश में निवेश के नए अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रयागराज सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को इस एक्सप्रेसवे के माध्यम से सुरक्षित और तेज यात्रा का अनुभव प्राप्त होगा।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसमें गंगा एक्सप्रेसवे एक सशक्त आधार स्तंभ के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि बेहतर संपर्क व्यवस्था निवेश को आकर्षित करती है और निवेश से उद्योगों की स्थापना होती है। उद्योगों की स्थापना से रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और रोजगार बढ़ने से लोगों की आय में वृद्धि होती है, जिससे व्यापक आर्थिक विस्तार का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से गंगा एक्सप्रेसवे एक आर्थिक गुणक के रूप में कार्य करेगा, जो विकास की इस पूरी श्रृंखला को गति प्रदान करेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक बनेगा।अपने संबोधन के दौरान उप मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल में चल रहे विधानसभा चुनावों के संदर्भ का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां की जनता बदलाव की ओर अग्रसर है और विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वहां के मतदाता विकास के पक्ष में अपना समर्थन दे रहे हैं।उप मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दलों की सोच महिलाओं के प्रति सकारात्मक नहीं रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे दल महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और नीति निर्धारण में उनकी भूमिका को सीमित करना चाहते रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महिलाओं को सम्मान और निर्णय प्रक्रिया में उचित स्थान दिलाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, केंद्रीय राज्य मंत्री तथा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित प्रदेश सरकार के अन्य मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# सहारा शहर प्रकरण में नगर निगम को बड़ी राहत, उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज की

लखनऊ(आरएनएस )। लगभग 170 एकड़ क्षेत्र में फैले सहारा शहर प्रकरण में नगर निगम लखनऊ को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से चल रहे इस विवाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने सहारा कमर्शियल की ओर से दायर रिट याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय के इस निर्णय ने नगर निगम की कार्रवाई को वैध ठहराते हुए उसके पक्ष को मजबूत किया है और शहर प्रशासन की साख को और मजबूती प्रदान की है।गौरतलब है कि गोमतीनगर स्थित सहारा शहर को नगर निगम ने लीज की शर्तों के उल्लंघन के आरोप में अपने कब्जे में लिया था। नगर निगम का कहना था कि वर्ष 1994 में हुई लीज के तहत निर्धारित शर्तों का पालन नहीं किया गया, साथ ही कई निर्माण एवं उपयोग संबंधी नियमों का उल्लंघन पाया गया। विस्तृत जांच के बाद नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए पूरे परिसर के छहों प्रवेश द्वार सील कर दिए और प्रशासनिक नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था।इस कार्रवाई के विरोध में सहारा समूह ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए इसे मनमाना तथा प्रक्रिया के विपरीत बताया था। हालांकि नगर निगम ने न्यायालय में स्पष्ट किया कि पूरी कार्रवाई नियमानुसार और विधिसम्मत तरीके से की गई है। निगम की ओर से यह भी बताया गया कि वर्ष 2020 और वर्ष 2025 में कई बार नोटिस जारी कर संबंधित कंपनी को सुधार का अवसर प्रदान किया गया था, लेकिन निर्धारित नियमों का पालन नहीं होने पर ही अंतिम कार्रवाई की गई।सुनवाई के दौरान न्यायालय ने दोनों पक्षों के तर्कों और प्रस्तुत दस्तावेजों पर विस्तार से विचार किया। परीक्षण के बाद यह पाया गया कि नगर निगम द्वारा की गई कार्रवाई विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत की गई है। इसी आधार पर न्यायालय ने सहारा की याचिका को खारिज कर दिया। इस निर्णय को नगर निगम के लिए एक बड़ी कानूनी जीत माना जा रहा है, क्योंकि इससे यह स्पष्ट हो गया है कि सार्वजनिक भूमि और संसाधनों के संरक्षण के लिए की गई कार्रवाई न्यायिक कसौटी पर खरी उतरी है।इस पूरे प्रकरण में यह तथ्य भी सामने आया कि संबंधित भूमि पर लीज की अवधि समाप्त होने और शर्तों के उल्लंघन के कारण नगर निगम को हस्तक्षेप करना पड़ा। लगभग 30 वर्ष की लीज अवधि समाप्त होने के बाद भी निर्धारित विकास कार्य पूर्ण नहीं किए गए थे, जिससे प्रशासन को सख्त कदम उठाने पड़े।इस मामले में नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, संपत्ति प्रभारी रामेश्वर प्रसाद, नायब तहसीलदार तेजस्वी तथा लेखपाल शक्ति वर्मा ने नगर निगम की ओर से सक्रिय भूमिका निभाई।

# बलरामपुर की सात पर्यटन परियोजनाओं के लिए 7 करोड़ 86 लाख रुपये स्वीकृत, धार्मिक स्थलों के विकास से बढ़ेगी क्षेत्र की पहचान

लखनऊ (आरएनएस ) । पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजना के अंतर्गत देवी पाटन मंडल के जनपद बलरामपुर की विभिन्न विधानसभाओं में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सात महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए 7 करोड़ 86 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि के माध्यम से विभिन्न धार्मिक स्थलों का सौन्दर्यीकरण कराया जाएगा तथा उनके आसपास आवश्यक बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस कार्य के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। संबंधित संस्था को निर्देश दिए गए हैं कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर तथा गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए पूरा किया जाए।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बलरामपुर सदर क्षेत्र के अंतर्गत गिधौरैया तहसील मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 68 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र के पचपेड़वा के ग्राम इमिलिया कोडर में ग्रामीण पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए 18 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी विधानसभा क्षेत्र में स्थित भियूरा बाबा स्थल के विकास के लिए 1 करोड़ रुपये तथा उतरौला क्षेत्र में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पर्यटन विकास के लिए भी 1 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से इन क्षेत्रों मेंधार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलने की संभावना है।पर्यटन मंत्री ने आगे बताया कि तुलसीपुर क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। तुलसीपुर के शिव मंदिर गनवरिया के पर्यटन विकास के लिए 2 करोड़ 35 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही तुलसीपुर नगर पंचायत के मुख्य मार्गों पर आकर्षक सजावटी प्रकाश व्यवस्था स्थापित करने के लिए 1 करोड़ 15 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त तुलसीपुर नगर पंचायत के प्रमुख मार्गों के दोनों ओर भित्ति चित्र दीवारों का निर्माण कराने के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिससे क्षेत्र की सौन्दर्यता और आकर्षण में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश में आस्था से जुड़े धार्मिक स्थलों का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक जनपद की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों को संरक्षित करते हुए उनके गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। इसी दिशा में पर्यटन विकास की विभिन्न परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जा रही है, ताकि धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया जा सके।पर्यटन मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य ऐसे धार्मिक स्थलों का विकास करना है,

जो अभी तक व्यापक रूप से प्रसिद्ध नहीं हो सके हैं। इन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी तथा अधिक संख्या में पर्यटकों के आगमन से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही श्रद्धालुओं को आस्था स्थलों तक पहुंचने में आसानी होगी और क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

# गृहकर जमा करने पर 10 प्रतिशत छूट का आज अंतिम दिन, नगर निगम ने बढ़ाए भुगतान समय और की समय रहते कर जमा करने की अपील

लखनऊ(आरएनएस )। नगर निगम लखनऊ ने गृहकर जमा करने वाले नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए बताया है कि आनलाइन माध्यम से गृहकर जमा करने पर मिलने वाली 10 प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए 30 अप्रैल अंतिम दिन निर्धारित किया गया है। नगर निगम के अनुसार इसके बाद 1 मई से 31 मई तक गृहकर जमा करने पर मिलने वाली छूट की दर घटाकर 8 प्रतिशत कर दी जाएगी। ऐसे में गुरुवार का दिन करदाताओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि अधिकतम छूट का लाभ केवल इसी दिन तक उपलब्ध रहेगा।नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में नागरिक अंतिम तिथि के आसपास गृहकर जमा करते हैं, जिसके कारण काउंटरों और तंत्र पर दबाव बढ़ जाता है। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस बार समय से पूर्व ही नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे अंतिम समय की भीड़ और संभावित असुविधा से बच सकें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि समय पर गृहकर जमा करने से न केवल छूट का लाभ मिलता है, बल्कि नगर निगम को भी विकास कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो पाते हैं।मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्यक्ष माध्यम से गृहकर जमा करने पर मिलने वाली छूट में भी आगामी माह से कमी की जाएगी। वर्तमान समय में प्रत्यक्ष माध्यम से भुगतान करने वाले करदाताओं को 8 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है, लेकिन 1 मई से यह घटकर 6 प्रतिशत रह जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों को अधिक से अधिक आनलाइन माध्यम अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, क्योंकि इससे समय की बचत होती है और नागरिकों को अतिरिक्त छूट का लाभ भी प्राप्त होता है।उन्होंने यह भी बताया कि आधुनिक माध्यमों के उपयोग से भुगतान प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी बनती है, जिससे नागरिकों को बार–बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। इसके साथ ही नगर निगम के कार्यों में भी तेजी आती है और अभिलेखों का रखरखाव सुचारु रूप से हो पाता है।नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने विशेष प्रबंध किए हैं। अशोक सिंह ने बताया कि शहर के सभी आठों जोनों में गृहकर जमा करने के काउंटरों का समय 30 अप्रैल को बढ़ा दिया गया है। अब करदाता प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक अपने निकटतम जोन कार्यालय में पहुंचकर गृहकर जमा कर सकते हैं। यह व्यवस्था विशेष रूप से उन नागरिकों के लिए लाभकारी होगी, जो कार्य के कारण दिन में समय नहीं निकाल पाते हैं।नगर निगम प्रशासन ने सभी जोन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि काउंटरों पर पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि भुगतान प्रक्रिया सुचारु रूप से चलती रहे और किसी भी नागरिक को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। इसके अतिरिक्त नागरिकों की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंधों को भी सुदृढ़ किया गया है।नगर निगम द्वारा गृहकर जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से आधिकारिक जालस्थल के माध्यम से भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। करदाता अपने घर से ही इस सुविधा का उपयोग करते हुए आसानी से गृहकर जमा कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम दिन तंत्र पर अधिक दबाव बनने की संभावना रहती है, इसलिए नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अंतिम समय का इंतजार न करें और यथाशीघ्र भुगतान कर लें।नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया कि गृहकर नगर निगम की आय का प्रमुख स्रोत है, जिससे शहर में सड़कों के निर्माण, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्य संचालित किए जाते हैं। समय पर गृहकर जमा करने से नगर निगम को इन विकास कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करने में सहायता मिलती है।नगर निगम लखनऊ ने सभी करदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना गृहकर जमा कर अधिकतम छूट का लाभ उठाएं। साथ ही नागरिकों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे नगर निगम की व्यवस्थाओं में सहयोग करें और समय पर कर भुगतान कर शहर के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# यशोधरा छात्रावास की छात्रा की मृत्यु पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने जताया शोक, जांच समिति गठित

लखनऊ(आरएनएस )। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने यशोधरा छात्रावास में रहने वाली समेकित विज्ञान स्नातक–स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा की दुखद मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है तथा शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए परिजनों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल को दोपहर लगभग तीन बजे छात्रा ने बुखार की शिकायत की थी। इसके उपरांत छात्रा को विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय परामर्श हेतु ले जाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा आवश्यक जांच के बाद दवाइयां दी गईं तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुनः सूचित करने की सलाह दी गई। इसी दौरान छात्रा द्वारा अपने स्थानीय अभिभावक को भी सूचना दी गई थी। इसके पश्चात 20 अप्रैल को सायं पांच बजकर ग्यारह मिनट पर छात्रा ने 30 अप्रैल तक अवकाश का प्रार्थना पत्र देकर अपने स्थानीय अभिभावक के साथ छात्रावास से प्रस्थान किया।विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि छात्रा के परिजनों से लगातार संपर्क स्थापित कर उन्हें सांत्वना दी गई है तथा इस दुखद घड़ी में हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया गया है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुछ विद्यार्थियों द्वारा छात्रावास के भोजन को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराए जाने संबंधी आरोप लगाए गए हैं, जिनका संज्ञान लिया गया है।इस संबंध में प्रशासन ने बताया कि 20 अप्रैल से अब तक यशोधरा छात्रावास की अधीक्षिका को किसी भी छात्रा द्वारा छात्रावास के भोजन के कारण स्वास्थ्य खराब होने से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। प्रशासन के अनुसार छात्रावास में भोजन व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है और सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के प्रयास किए जाते हैं।प्रशासन ने यह भी कहा है कि कुछ शरारती तत्व इस दुखद घटना को आधार बनाकर भ्रामक जानकारी फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों को गुमराह कर विश्वविद्यालय परिसर में अव्यवस्था उत्पन्न की जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें और किसी समस्या की स्थिति में सीधे प्रशासन को अवगत कराएं।उक्त घटना के संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एक जांच समिति का गठन किया गया है, जो 28 अप्रैल की रात्रि में घटित घटनाक्रम सहित पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच करेगी। जांच के दौरान यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या दोष पाया जाता है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बिजनौर की आठ पर्यटन परियोजनाओं के लिए 9 करोड़ 9 लाख रुपये स्वीकृत

लखनऊ(आरएनएस )। पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजना के अंतर्गत मुरादाबाद मंडल के जनपद बिजनौर की विभिन्न विधानसभाओं में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आठ महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए 9 करोड़ 9 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृत धनराशि से विभिन्न धार्मिक स्थलों का सौन्दर्यीकरण कराया जाएगा तथा वहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस कार्य के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। साथ ही संबंधित संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद बिजनौर की बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्राचीन संत शिरोमणि रविदास मंदिर के पर्यटन विकास हेतु 44 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

# यातायात निरीक्षक और पीआरडी व होमगार्ड जवानों के बीच टकराव की अस्ल वजह "करना पड़ेगा काम वर्ना घर जाइए?"

सुल्तानपुर(आरएनएस )। यातायात निरीक्षक राम निरंजन से सिर्फ पीआरडी और होमगार्ड ही त्रस्त नही है, सूत्र बताते है कि यातायात पुलिस में कार्यरत सिपाही, दीवान व उपनिरीक्षक भी परेशान रहते है, वजह ट्राफिक इंस्पेक्टर ड्यूटी के मामले मे किसी की नही सुनता है, क्योंकि प्रभारी यातायात खुद 12 से 18 घंटे तपतपाती दुपहरिया हो या कड़ाके की ठंड हो वह यातायात व्यवस्थित करते दिखाई देते है, ऐसे में जब इंचार्ज नगर की बेतरतीब यातायात व्यवस्था को ग्राउंड जीरो पर उतरकर पसीना बहाए गा, तो अधिनस्थ कर्मी कैसे आराम फरमाएंगें। सूत्रों की माने तो मौजूदा यातायात निरीक्षक में ड्यूटी को लेकर जिस तरह का जुनून है, वह शायद ही किसी में देखने को मिले, बस इसी बात को लेकर अपने ही खुन्नस खाए बैठे है, हांलाकि यह आग अधिनस्थों में लंबे समय से धधक रही थी, लेकिन बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे बस इसलिए मामला ठंडे बस्ते में रहा, परंतु ज्यों–ज्यों सूर्य महाराज अपने उफान पर चढ़ते गए,आग सी तपिश धरती को गर्म करने लगी तो पीआरडी, होमगार्ड और यातायात के कुछ कर्मी सड़क पर खड़े होने से पहरेज करने लगे, और फिर शुरू हुआ अय्यारी का खेल, कुछ आराम तलब कर्मियों ने यातायात निरीक्षक पर तमाम इल्जाम लगाते हुए पहुंच गए आलाकमान के दरबार तक,और प्रभारी यातायात के खिलाफ कार्रवाई का दबाव बनाना शुरू कर दिया, मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर पहुंचकर मामले को संभाला और जांच के बाद कार्यवाही की बात कही, तब जाकर मामला शांत हुआ। वैसे विभागीय सूत्रों की माने तो मौजूदा यातायात निरीक्षक का कोई विकल्प नही है, ड्यूटी को लेकर बहुत सख्त और लापरवाही पर चोट करने वाला प्रभारी यातायात राम निरंजन किसी भी कर्मी को बख्शता नही, बस यही अस्ल खुन्नस की वजह है जो पिछले दिनों फूटा था, हांलाकि यातायात विभाग की पड़ताल में कुछ तत्व और निकल कर आए है, जो चौंकाने वाले है,सूत्र बताते है कि पीआरडी और गार्ड के पीछे जो षडयंत्र दिखाई दे रहा है, वह अवैध टैक्सी संचालकों का है, कारण प्रभारी यातायात की सख्ती के चलते सुल्तानपुर से लखनऊ चलने वाली टैक्सियों का चलना मुश्किल हो गया है, ।

# प्रधानी चुनाव की रंजिश में पीट-पीटकर हत्या, मुकदमा दर्ज

सुलतानपुर(आरएनएस )। शिवगढ़ कोतवाली क्षेत्र के भीटौरा गांव में ग्राम प्रधान के खिलाफ चल रही शिकायत की जांच की रंजिश में 28 वर्षीय युवक जसवंत सिंह की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। मंगलवार शाम बाजार से घर लौटते समय दबंगों ने उसे घेर लिया और लाठी–डंडों व कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाए गए जसवंत को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया,लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद गांव में तनाव व्याप्त है।मृतक के भाई बलवंत सिंह के मुताबिक जसवंत सिंह शिवगढ़ बाजार से सब्जी लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। भटौरा इंटर कॉलेज के पास शंकर यादव के घर के सामने पहले से घात लगाए हमलावरों ने उनकी बाइक रुकवा ली। आरोप है कि नीचे गिराकर लाठी,डंडों और कुल्हाड़ी से बेरहमी से हमला किया गया। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। परिजनों का आरोप है कि गांव में ग्राम प्रधान के कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच चल रही थी। इसी शिकायत के कारण प्रधान पक्ष के लोग जसवंत से रंजिश रखते थे। जांच से नाराज आरोपियों ने सुनियोजित ढंग से वारदात को अंजाम दिया। मृतक के भाई की तहरीर पर ग्राम प्रधान मान सिंह, रामशरण, रामजस, रामसुरेश, नीरज, सूरज, धनंजय समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह ने बताया कि शाम करीब सात बजे मारपीट की सूचना मिली थी। घायल को तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# देवी व वर्षा को सृजन सम्मान

यू पी प्रेस क्लब व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा आज 168 वाँ सम्मान बैसवारा के कवि डॉ देवी बख्श सिंह बैस को कविता के लिए सृजन व वर्षा वर्मा को समाज सेवा के लिए सृजन प्रेरणा सम्मान हसीब सिद्दीकी, सर्वेश अस्थाना डॉ कमलेश शुक्ल व अध्यक्ष भ्रमर बैसवारी ने शाल व सम्मानपत्र से किया।



पंकज प्रसून के प्रारंभ द्वारा निशा सिंह नवल के संयोजन व संचालन में प्रतिभा श्रीवास्तव की वाणी वंदना के साथ हुये कविसम्मेलन में निर्मल श्रीवास्तव, सुभाष गुरुदेव, बेअदब लखनवी, तमाचा लखनवी, दीपिका, कुलदीप सिंह, सौरभ जैसवाल, योगी योगेश शुक्ल, शालिनी राय, प्रमोद श्रीवास्तव, राजीव वत्सल, रवि शंकर रवि, पारस श्रीवास्तव, अरविंद झा, जगत नारायण, विनोद शंकर शुक्ल, महेश चंद्र गुप्त, अनिता अरोड़ा, नेहा शिवम, श्रीश दीक्षित, डॉ रुद्रमणि, सुरभि सिंह, मनोज कुमार, वैरागी महाकाल, अच्युतानंद, रजनी राय,आलोक शंकर, गिरधर खरे, चंचल प्रतापगढ़ी, गोबर गणेश, अजय वर्मा, वीरपाल सिंह निश्छल ने काव्यपाठ किया। धन्यवाद ज्ञापन सर्वेश अस्थाना ने किया।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के मीरजापुर आगमन पर नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ किया जोरदार स्वागत

मीरजापुर ।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के अध्यक्ष बनने के बाद मीरजापुर प्रथम आगमन पर नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने सभासदों सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया ।बता दे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मां विन्ध्वासिनी के दर्शन पूजन के लिए सुबह मीरजापुर पहुंचे,जहा नपाध्यक्ष ने उनका जौनपुर तिराहा पर माला पहनाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया ।विंध्यधाम पहुंचने पर नगर पालिका अध्यक्ष ने अंगवस्त्र और बुके देकर उनका स्वागत किया ।इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि विश्व के सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मां विंध्यवासिनी के दर्शन–पूजन लिए मीरजापुर पहुंचे है ।उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला है,नगर के विभिन्न वार्डों से भाजपा कार्यकर्ता,पदाधिकारी एवं सभासद पूरे उत्साह के साथ सुबह से ही अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए खड़े थे ।राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के मीरजापुर आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया गया है।



# लू के प्रकोप से बचाव को श्रमिक रहें सतर्क सहायक श्रमायुक्तकी अपील

मीरजापुर 29 अप्रैल 2026– जनपद में बढ़ते तापमान और लू (हीट वेव) के प्रकोप को देखते हुये सहायक श्रमायुक्त सतीश कुमार ने श्रमिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंनें कहा कि तेज धूप में काम करने वाले श्रमिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है, ऐसे में बचाव जरूरी है। उन्होंनें कारखानों, ईट भट्ठों, दिहाड़ी मजदूरों, डिलीवरी कर्मियों सहित खुले में कार्य करने वाले सभी श्रमिकों सलाह दी कि वे अपने शरीर को पूरी तरह ढंककर रखें। काम पर जाते समय गमछा, टोपी, हल्के सूती कपड़े, चश्मा और जूते का उपयोग अवश्य करें। कार्य के दौरान सिर पर गमछा बांधकर रखें और खुद को धूप से बचायें। श्रमिकों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह देते हुये उन्होंनें कहा कि अपने पास पानी की बोतल और नींबू रखें तथा समय समय पर शीतल जल, नींबू पानी, शिकंजी और नारियल पानी का सेवन करते रहें। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होगी और लू से बचाव संभव होगा।

# स्कूल वाहनों पर सख्ती 174 फिटनेस समाप्त, 442 वाहन ब्लैकलिस्ट

सुलतानपुर। जिले में स्कूली वाहनों की सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर परिवहन विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने जानकारी दी कि अपर मुख्य सचिव, परिवहन विभाग एवं परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर उ०प्र० मोटरयान नियमावली 1998 के तहत स्कूल वाहनों के लिए विशेष प्रावधानों का सख्ती से अनुपालन कराया जा रहा है। इसी क्रम में परिवहन विभाग द्वारा विकसित पोर्टल के माध्यम से जनपद के सभी 3639 विद्यालयों को ऑनबोर्ड कर लिया गया है। साथ ही उनके अंतर्गत संचालित सभी वाहनों का निरीक्षण भी पूरा कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। कुल 174 वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र समाप्त पाए गए, जबकि 215 वाहनों के परमिट खत्म हो चुके हैं। इसके अलावा 227 वाहनों ने अब तक परमिट ही प्राप्त नहीं किया है। प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 174 फिटनेस समाप्त वाहनों का पंजीयन प्रमाण पत्र निलंबित कर दिया है। वहीं 215 परमिट समाप्त और 227 बिना परमिट वाले वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। परिवहन विभाग ने संबंधित स्कूलों को नोटिस जारी कर जल्द से जल्द फिटनेस और परमिट प्रमाण पत्र वैध कराने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी गई है कि यदि ऐसे वाहन सड़कों पर चलते पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक सम्पन्न

मीरजापुर 29 अप्रैल 2026– जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जनपद के आई0सी0एस0ई0 एवं सी0बी0एस0ई0 बोर्ड के मान्यता प्राप्त स्कूलो के प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय(शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 के प्रमुख प्राविधानों पर विस्तृत चर्चा की गयी समस्त विद्यालयों को निर्देशित किया गया कि किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय को अन्य बातों के साथ–साथ अपने संचालन संबंधी व्ययों की पूर्ति करने, सुविधाओ, में अभिवृद्धि की व्यवस्था करने तथा अवसंरचना का विस्तार करने, छात्रों को सुविधा उपलब्ध कराने और एक ही पात्र शैक्षिक इकाई के प्रबंधन के अधीन नवीन शाखा या नवीन विद्यालय की स्थापना सहित शैक्षिक प्रयोजनों के विकास हेतु प्रयुक्त किये जाने वाले युक्तियुक्त अधिशेष जनित करने के लिए तद्नुरूप भिन्न–भिन्न कक्षाओं, श्रेणियों, विद्यालीय स्तरों के लिए अपनी शुल्क संरचना अवधारित करना होगा।

विद्यालय में शुल्क संग्रह की प्रक्रिया खुली, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाये और विद्यालय द्वारा लिये जाने वाले प्रत्येक शुल्क को अपने वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित करें। अभिभावकों से पूरे सत्र का समस्त शुल्क एक साथ नही लिया जायेगा। समस्त विद्यालय अपने–अपने संस्था द्वारा संग्रहीत किये जाने वाले तीन वर्षो के शुल्क की सूची कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराया जाय ताकि उनके द्वारा लिये जा रहे शुल्क का परीक्षण कराया जायेगा।

विद्यालयों द्वारा संग्रहीत की जाने वाली कॉशन मनी को धनराशि के विद्यालय में जमा अवधि हेतु भारतीय स्टेट बैंक बचत खाता में प्रचलित दर पर ब्याज सहित स्थानान्तरण प्रमाण पत्र जारी किये जाने के समय अनिवार्य रूप से वापस किया जाए।

विद्यालयों में एन0सी0ई0आर0टी0 की किताबों से ही शिक्षण कार्य कराया जाय। किताबों, जूता मोजा, पोशाक और अन्य सामग्रियों के क्रय हेतु किसी विशेष दुकान को निर्धारित नही किया जायेगा। पॉच साल से पहले कोई विद्यालय बच्चों के यूनिफार्म परिवर्तन नही करेगा। शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित विद्यालयों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। विद्यालयों द्वारा किसी भी प्रकार का केपिटेशन शुल्क प्रभारित नही किया जायेगा और छात्र से लिये जाने वाले प्रत्येक शुल्क लिए रसीद जारी की जायेगी।

समस्त विद्यालयों को निर्देशित किया गया कि वे कक्षा 8 एवं कक्षा 10 उत्तीर्ण शत प्रतिशत छात्र–छात्राओं का प्रवेश अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करते हुए दैनिक रूप से शिक्षा पोर्टल पर अद्यतन करें। समस्त वाहनो का पंजीकरण परिवहन विभाग के पोर्टल पर कराये एवं समस्त वाहनो का नियमित फिटनेस एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र प्राप्त करके ही संचालन करें। बच्चों के सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाय, वाहन चालको एवं सहयोगी कर्मियों का सत्यापन कराया जाय और उनका सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण सुनिश्चित करे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक माया राम, प्रधानाचार्य आदर्श भारतीय बालिका इं0का0 गणेशगंज, प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल इन्दीवीरशाहपुर, प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल बिरोही एवं समस्त सी0बी0एस0ईध्आई0सी0एस0ई बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयो के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# फरीदाबादवासियों के लिए बीकानेरवाला लाया स्वाद का शाही तोहफा

## परंपरा और आधुनिकता का संगम, बीकानेरवाला अब आपके शहर फरीदाबाद मंशा मेगा स्ट्रीट में

विजडम इंडिया।

फरीदाबाद। बीकानेरवाला, जो अपनी पारंपरिक मिठाइयों और स्नैक्स के लिए मशहूर भारतीय ब्रांड है। इन्होंने 29 अप्रैल 2026 को फरीदाबाद के सेक्टर 82 स्थित मंशा मेगा स्ट्रीट में अपने नए आउटलेट का भव्य उद्घाटन कर जश्न मनाया। इस मौके पर बीकानेरवाला प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री श्याम सुंदर अग्रवाल, सीओ सुरेश गोयल के साथ साथ, डायरेक्टर राधेमोहन अगवाल, अशोक अग्रवाल और मुरली मोहन अग्रवाल समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



यह आउटलेट ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर स्थित है और इसमें स्वादिष्ट मिठाइयों, चाट और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया जा सकता है। बीकानेरवाला अपने प्रसिद्ध व्यंजनों जैसे– चाट, पारंपरिक मिठाइयां, और भारतीय स्नैक्स के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर नये आउटलेट खुलने से निवासियों के लिए भोजन के विकल्पों को बढ़ाता है। आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए एक शानदार फूड डेस्टिनेशन साबित होगा।

बीकानेरवाला के बारे में श्री श्याम सुंदर अग्रवाल ने बीकानेरवाला प्राइवेट लिमिटेड ब्रांड की पूरी कहानी लोगों के बीच साझा की। इसके साथ ही साथ उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में हमारे नए आउटलेट का उद्घाटन हमारी स्वादिष्ट पेशकशों तक सुविधाजनक पहुंच प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता करता है।

आज बीकानेरवाला के भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 225 से अधिक आउटलेट हैं, जिनमें अमेरिका, कनाडा, यूएई, कतर, बहरीन, न्यूजीलैंड, सिंगापुर और नेपाल शामिल हैं। यह ब्रांड पारंपरिक भारतीय मिठाइयों और स्नैक्स की परंपरा को बरकरार रखते हुए 100: शाकाहारी मल्टी–कुजीन भोजन का अनुभव प्रदान करता है। जिससे हमारे भारतीय व्यंजनों की खुशबू विदेशों तक पहुंच रही है।

हमारे लिए आउटलेट मंदिर और ग्राहक भगवान हैं रू श्याम सुंदर अग्रवाल

बीकानेरवाला प्राइवेट लिमिटेड के एमडी श्री श्याम सुंदर अग्रवाल ने भव्य उद्घाटन के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम फरीदाबाद में नए आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करते हुए बहुत खुश हैं। फरीदाबाद में हमारे नए आउटलेट का उद्घाटन हमारी स्वादिष्ट पेशकशों तक सुविधाजनक पहुंच प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने आगे बताया कि हमारे लिए आउटलेट मंदिर और ग्राहक भगवान हैं। इसी विचारधार को लेकर आज हम इतने आगे हैं।

ग्राहकों को संतुष्ट करना हमारी पहली प्राथमिकता रू सुरेश गोयल

बीकानेरवाला के सीओ सुरेश गोयल ने बताया कि बीकानेरवाला 100 साल से भी पुराना ब्रांड है। इसकी शुरुआत दिल्ली से हुई। भारत के अलावा आज विदेशगों में लगभग 70 आउटलेट खोले गए हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को संतुष्ट करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

# टीबी मरीजों को रेड क्रश्स सोसाइटी ने वितरण किया पोषक पोटली

मीरजापुर। शासन द्वारा निर्धारित टीबी रोगियों के मदद के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सीएल वर्मा के पहल पर जिले में इलाज पर चल रहे 501 टीबी मरीजों को रेड क्रॉस सोसाइटी से पोषण पोटली उपलब्ध कराई गई।



उपरोक्त पहल के ही तहत बुधवार, 29 अप्रैल 2026 को विकासखंड सीखड़ स्थित सीएचसी पर क्षेत्र के 25 टीबी मरीजों को पोषण पोटली देते हुए उन्हें टीबी के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम में क्षय विभाग के मौजूद जिला कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा लोगों को टीबी के समस्त लक्षणों एवं सरकारी स्तर से दी जा रही सभी निरू शुल्क सुविधाओं से परिचित कराते हुए उनसे नियमित दवा एवं खान पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

सतीश यादव द्वारा आए सभी मरीजों से कहा गया कि आप सभी स्वस्थ होने के पश्चात टीबी चौंपियन बनकर समाज में इस रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने का नेक कार्य करें जिससे की हमारा जनपद जल्द से जल्द टीबी मुक्त जनपद बन सके। उन्होंने लोगों को जिले में संचालित दूरस्थ एरिया हेतु 100 दिवसीय कार्यक्रम से भी परिचित कराते हुए अपेक्षा की कि आप सभी ज्यादा से ज्यादा लोगों को उनके घर के नजदीक दी जाने वाली इस मदद योजना में सहयोग करें।

सीएचसी प्रभारी डॉ भरत यादव द्वारा टीबी रोग से बचाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह रोग असाध्याय नहीं है, बस आप सभी अपनी दवा नियमित रूप से सेवन करें साथ ही अपने खान–पान पर विशेष ध्यान दें साथ ही किसी भी प्रकार के नशा सेवन बचे। कार्यक्रम में सीएचसी बगहा के डाक्टर विजय प्रकाश, डॉक्टर दिपाली, आषुतोष तिवारी, राजेश गुप्ता, आकांक्षा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिया के नीचे मिला युवक का शव

जौनपुर(आरएनएस )। मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के कनावा नहर में पुलिया के नीचे मंगलवार की रात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।ग्रामीणों ने नहर में पुलिया के नीचे शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ शव को बाहर निकलवाकर शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान जटाशंकर सरोज (40) पुत्र अमरनाथ सरोज निवासी बिठौली, थाना हंडिया, जनपद प्रयागराज के रूप में हुई।ज्ञात हो कि जटाशंकर सरोज मड़ियाहूं क्षेत्र के रानीपुर गांव में अपनी बहन के घर 26 अप्रैल को एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। परिजनों के अनुसार वह मंगलवार सुबह करीब 10 बजे घर से निकले थे, जिसके बाद देर शाम उनका शव नहर में मिलने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।शव मिलने की खबर से मौके पर भारी भीड़ जुट गई और क्षेत्र में शोक का माहौल बना रहा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। वहीं, प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगेगा।

# कायस्थ महासभा के प्रदेष अध्यक्ष का स्वागत

जौनपुर,(आरएनएस )। कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट के मियापुर आवास जौनपुर के सभी कायस्थ संगठनों की संयुक्त बैठक हुई बैठक में पहुंचे कायस्थ महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्षध्प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र सत्य प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट हाईकोर्ट मुंबई का अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन मजबूती से कार्य कर रहा हैं जो देश में एक पहचान बन गई हैं और सभी प्रदेश अध्यक्ष गण भी मजबूती से कार्य कर रहे हैं प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश दिनेश चन्द श्रीवास्तव जी की टीम भी उत्तर प्रदेश में संगठन मजबूत करने में योगदान दे रहा है हम सभी को इसी तरह एकजूटता बनाए रखना हैश्री चित्रगुप्त भगवान पूजन महासमिति जौनपुर के



संयोजक सरस चन्द श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता सिविल कोर्ट ने कहा कि इस बार भी श्री चित्रगुप्त भगवान पूजन महासमिति जौनपुर द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी उन्होंने ने कहा कि जिले के सभी कायस्थ संगठनों एवं अन्य सामाजिक संगठनों को एक मंच पर लाया जाएगा और उपस्थित सभी जिला अध्यक्ष से कहा कि आप सभी लोग अन्य कायस्थ संगठनों के जिला अध्यक्ष से बात कर एक साथ आने का प्रयास करें।बैठक में सर्व सम्मत से निर्णय हुआ कि जिले में किसी भी संगठन का बैठक बुलाने का अधिकार केवल जिलाध्यक्ष को है जिलाध्यक्ष ही बैठक बुला सकते है और देश प्रदेश जिले के पदाधिकारियों को आमंत्रित करेंगे। और सभी जिला अध्यक्ष एक माह में अपने अपने संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन का पुनर्गठन विस्तार करेंगे और सक्रिय लोगो को जिम्मेदारी सौंपेंगे और अपने अपने संगठन की बैठक कर संगठन मजबूत करेंगे ताकि शोभायात्रा में एतिहासिक संख्या में भगवान चित्रगुप्त जी के भक्त गण आए ।वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रमोहन श्रीवास्तव एवं अखिल भारतीय चित्रांश महासभा जौनपुर जिला अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव ने कहा कि जल्दी ही जौनपुर जिले के सभी कायस्थ संगठनों के जिला अध्यक्ष के साथ मिलकर बैठक किया जाएगा।

# लोक के प्रति कब जवाबदेह बनेगी नौकरशाही

देश को अपने लोकतंत्र पर गर्व है, लेकिन इस व्यवस्था में राजनीतिक तंत्र के साथ ही प्रशासनिक और पुलिस अफसर लगातार मजबूत हुए हैं। अंग्रेज सरकार ने इंडियन सिविल सेवा यानी आईसीएस का गठन अपने राजकाज को मजबूत करने के लिए किया था। इसलिए शुरुआती दौर में इसमें गोरे लोगों को ही तवज्जो मिली।सरदार पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा को 'स्टील फ्रेम' बताया था। संविधान सभा में प्रशासनिक सेवा पर बहस के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए मजबूत और तटस्थ नौकरशाही पर जोर दिया था। हालांकि अंग्रेजों के नौकरशाह रह चुके एचवी कामथ को चिंता थी कि वैधानिक सुरक्षा नौकरशाही को गैरजवाबदेह और असल 'शासक' बना सकती है। एक अप्रैल को चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल के मालदा की घटना में नौकरशाही ने जैसा रूख अख्तियार किया है, उसे देख लगता है कि पटेल के भरोसे की तुलना में एचवी कामथ की चिंता समय की शिला पर सटीक साबित हुई है। मालदा में पूरे नौ घंटे तक सात न्यायिक अधिकारियों को सियासी कार्यकर्ता के मुखौटे वाले अपराधियों ने बंधक बनाए रखा। उस दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी मुख्य सचिव से संपर्क करने में नाकाम रहे। दिलचस्प यह है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव से जवाब–तलब किया तो उन्होंने माफी मांग कर काम चला लिया। उम्मीद थी कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में शीर्ष अधिकारियों को सबक सिखाने से पीछे नहीं रहेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह माफी से ही संतुष्ट हो गया।देश को अपने लोकतंत्र पर गर्व है, लेकिन इस व्यवस्था में राजनीतिक तंत्र के साथ ही प्रशासनिक और पुलिस अफसर लगातार मजबूत हुए हैं। अंग्रेज सरकार ने इंडियन सिविल सेवा यानी आईसीएस का गठन अपने राजकाज को मजबूत करने के लिए किया था। इसलिए शुरुआती दौर में इसमें गोरे लोगों को ही तवज्जो मिली। अंग्रेज सरकार भारतीयों को गुलाम मानती थी, लिहाजा उसके अफसर भी भारतीयों से उसी अंदाज में पेश आते थे। आजादी के बाद नौकरशाही के इस चरित्र को बदलने की कोशिश के तहत तटस्थ ब्यूरोक्रेसी के रूप में आईएएस कैडर बनाया गया। गांधी मानते थे कि आधुनिक राज व्यवस्था और नौकरशाही में हिंसा का वर्चस्व है। गांधी जी ट्रस्टीशिप के सिद्धांत के अनुसार प्रशासनिक या आर्थिक रूप से ताकतवर लोगों से उम्मीद करते थे कि वे संसाधनों के स्वामी नहीं, बल्कि रक्षक की तरह व्यवहार करें। इसी अंदाज में नौकरशाही को सेवक बनाने की कोशिश हुई। लेकिन क्या नौकराशाह सेवक बन पाए? वे सिर्फ उन राजनीतिक आकाओं के ही सेवक बन पाए हैं जो ताकतवर हैं और जिनसे उन्हें भविष्य में मलाईदार पदों और ताकत की उम्मीद है। यही वजह है कि आजादी के 79 साल बाद भी नौकरशाही का ज्यादातर हिस्सा सामंती मानसिकता से ही प्रभावित नजर आता है। जनता को वह अपनी रियाया मानता है। लोक से सामंतों जैसा व्यवहार करने में ही उसे हेठी नजर आती है। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला का कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का फोन नहीं उठाना इसी सोच का प्रतीक है। यह उस आशंका का भी जीवंत उदाहरण है, जो एचवी कामथ को परेशान कर रही थी। दिलचस्प यह है कि दुष्यंत नरियाला को 16 मार्च को ही चुनाव आयोग ने नंदिनी चक्रवर्ती की जगह नया मुख्य सचिव बनाया था, ताकि वे निष्पक्ष चुनाव करा सकें। नरियाला के व्यवहार से साफ है कि न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में उनका रवैया तटस्थ नौकरशाह की बजाय राज्य की मौजूदा सत्ता के इशारे पर ही काम करने वाले जैसा रहा। लोकतंत्र, लोक यानी आम लोगों का तंत्र है। लेकिन हकीकत में यह राजनीतिक दलों का तंत्र है और इस तंत्र में लोक की भूमिका महज वोट देने तक ही सीमित है। इस तंत्र में नौकरशाही की जवाबदेही राजनीति के हर अच्छे–बुरे कामों में साथ देने और कई बार उसका कहार बनने तक सीमित रह गई है। सरदार पटेल जब इस तंत्र को स्टील फ्रेम कह रहे थे, तो उनका आशय यह था कि भावी नौकरशाही आम लोगों की भलाई और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। पटेल को उम्मीद रही होगी कि नौकरशाह लोक के प्रति जब जवाबदेह होंगे, तब ऐश्वर्य पर उनकी निगाह कम होगी। लेकिन इसके ठीक उलट हो रहा है। नौकरशाही के बड़े हिस्से को अपनी मूल भूमिका की चिंता नहीं सताती। उसकी पूरी कोशिश खुद और खुद के कैडर को मजबूत करने और ज्यादा सुविधाएं जुटाने पर केंद्रित रहती है। ज्यादातर नौकरशाहों के लिए आमजन ठीक वैसी ही प्रजा है जिस तरह अंग्रेजों के थे। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव का व्यवहार इसी सोच का उदाहरण है। जब कोई आईएएस किसी फरियादी की बात सुनने के लिए जमीन पर बैठ जाता है, या ऐसा ही सामान्य कदम उठाता है तो वह घटना खबर बन जाती है। इसकी वजह यही है कि अफसरों से ऐसे व्यवहार की उम्मीद ही नहीं होती। जनमानस की सोच ऐसी है तो यह मान लेना चाहिए कि पटेल की सोच के मुताबिक नौकरशाही विकसित नहीं हुई, बल्कि एचवी कामथ जैसे लोगों की आशंका ही सही साबित हुई है। नौकरशाही में जब भी किसी का चयन होता है, उसके पड़ोसी और रिश्तेदार तक मान लेते हैं कि कुछ ही दिनों में उसकी कई पुश्तों का इंतजाम हो जाएगा। ज्यादातर ऐसा होता भी है। मध्य प्रदेश जैसे कुछ राज्यों ने लोकपाल की व्यवस्था कर रखी है। वहां आए दिन जिस तरह अधिकारियों के घरों से नोटों की गड्डियां निकलती हैं, उनकी संपत्ति के ब्योरे सामने आते हैं उससे पता चलता है कि अफसर बनना जमींदारी हासिल करने से भी ज्यादा फायदेमंद है। ऐसे अफसरों पर कड़ी कार्रवाइयां नजीर बननी चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं दिखता। अफसरशाही का बड़ा हिस्सा अब भी तंत्र के दोहन की प्रक्रिया में शिद्दत से शामिल है। हाल ही में बिहार के एक सब डिविजनल पुलिस अफसर के बारे में समाचार आया कि उनकी नौकरानी भी थार से चलती है। ऐसा नहीं कि नौकरशाही में ईमानदार लोग नहीं हैं। अशोक खेमका और संजीव चतुर्वेदी इसके उदाहरण हैं। लेकिन उन्हें ना तो नौकरशाही चैन से बैठने देती है और ना ही राजनीतिक आका। नौकरशाही को तटस्थ और ईमानदार बनाए रखने के लिए पचासों कमेटियां बन चुकी हैं, दो प्रशासनिक सुधार आयोग बन चुके हैं। पहले आयोग के अध्यक्ष तत्कालीन वित्त मंत्री मोरारजी देसाई थे तो दूसरे के कांग्रेसी नेता वीरप्पा मोइली। जान लेना चाहिए कि स्वाधीनता संग्राम में कूदने से पहले मोरार जी भी सिविल सेवा के अधिकारी थे। दोनों आयोगों ने कई सुझाव दिए, कुछ लागू भी हुए। लेकिन असल में नौकरशाही का चरित्र नहीं बदल पाया। वह लोकतांत्रिक नहीं हो पाई।।पातकाल के दिनों में जयप्रकाश नारायण ने नौकरशाही और पुलिस अफसरों से अपील की थी कि सरकार के असंवैधानिक आदेशों को वे न मानें। तब जेपी को अराजकतावादी कहा गया। हालांकि राजनीतिक व्यवस्था ऐसी है कि नौकरशाही के लिए राजनीति की बात टालना संभव नहीं है। एच वी अयंगार जैसे कुछ ही नौकरशाह होते हैं जो सही बात कह सकते हैं और अपने राजनीतिक आका से अलग राय रख सकते हैं। राज्यों के गठन के पीछे भाषा को आधार बनाने के तत्कालीन गृह सचिव अयंगार विरोधी थे और उन्होंने अपने मंत्री सरदार पटेल के सामने उसे खुलकर रखा भी था। वैसे आज की राजनीति में पटेल जैसा हृदय रखने वाले लोग भी कम हैं। अव्वल तो आज की नौकरशाही नाफरमानी की हिम्मत ही नहीं करती और अगर ऐसी कोशिश करती भी है तो उसे ही किनारे लगा दिया जाता है। इसी वजह से माना जा रहा है कि दुष्यंत नरियाला फिलहाल भले ही अभी चुनाव आयोग को रिपोर्ट कर रहे हों, वे अपने राजनीतिक आका के ही प्रभाव में हैं। नौकरशाही अगर लोकतांत्रिक और तटस्थ नहीं बन पाई है तो इसके पीछे उसके प्रशिक्षण और चयन में भी खामी मानी जाती है। वैसे समाज भी रोजाना अफसरों की बेरूखी से दो–चार होता रहता है, इसके बावजूद जब भी यूपीएससी या पीसीएस के नतीजे आते हैं, ।




## सम्पादकीय

### चिंगारी पड़ते ही लपटें

सरकार ने उलझे हालात का हल निकालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं की है। उसने समस्या को महज कानून–व्यवस्था के नजरिए से देखा है। मगर उस मोर्चे पर भी कामयाबी नहीं मिली है, जिसकी मिसाल ताजा घटनाएं हैं।

मणिपुर में हालात लगातार इतने सुलगे हुए हैं कि कोई भी चिंगारी पड़ते ही लपटें उठने लगती हैं। बिशुनपुर जिले में मंगलवार को बम फेंके जाने की घटना के बाद यही हुआ। बम एक आम परिवार के घर पर फेंका गया, जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई। उसके बाद भड़की भीड़ ने जगह–जगह सुरक्षा ठिकानों सहित अन्य स्थलों को निशाना बनाया। उन पर हुई पुलिस कार्रवाई में दो और लोग मारे गए। पांच जिलों में कर्फ्यू लगाते हुए इंटरनेट बंद करना पड़ा। बम संभवतरू कुकी उग्रवादियों ने फेंका, जिसका शिकार मैतेई परिवार बना।

बाद में विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए दोनों व्यक्ति मैतेई समुदाय के ही हैं। इन घटनाओं ने फिर जाहिर किया है कि मणिपुर में हालात लगातार असामान्य बने हुए हैं। बल्कि मई 2023 में हिंसा शुरू होने के बाद से वहां मैतेई और कुकी समुदायों के बीच खाई लगातार चौड़ी होती गई है। इससे पूरे राज्य में अविश्वास का माहौल है। केंद्र और राज्य सरकारों ने उलझते गए हालात का हल निकालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं की है। उन्होंने समस्या को महज कानून– व्यवस्था के नजरिए से देखा है। मगर उस मोर्चे पर भी प्रशासन कामयाब नहीं हुआ है, जिसकी मिसाल ताजा घटनाएं हैं। वैसे जहां अशांति की जड़ में दो समुदायों के बीच जारी तनाव हो, वहां कानून– व्यवस्था संबंधी उपायों से सामान्य स्थिति बहाल नहीं की जा सकती।

इस मोर्चे पर सत्ताधारी दल या किसी अन्य राजनीतिक पक्ष ने जमीनी पहल नहीं की है। आवश्यकता दोनों में समुदायों के बीच संवाद बनाने और सद्भाव पैदा करने की है, ताकि उनमें एक– दूसरे के प्रति गहराते गए वैर भाव को दूर करने का रास्ता निकले। फिलहाल सूरत यह है कि कुकी संगठन अलग प्रदेश की मांग पर अड़े हुए हैं। उन्हें नहीं लगता मैतेई बहुल मणिपुर में वे सुरक्षित रह पाएंगे। केंद्र ने मणिपुर में मुख्यमंत्री बदल कर नई सरकार में कुकी विधायकों को नुमाइंदगी देते हुए मसले का हल निकालने की कोशिश की। लेकिन उससे बात नहीं बनी है। अतरू अब ऐसी जमीनी पहल की जरूरत है, जिसमें दोनों पक्षों का भरोसा और भागीदारी हो।

### पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मतदाता इतनी बड़ी संख्या में क्यों निकल कर बाहर आए?

पश्चिम बंगाल में मतदाताओं ने भारतीय राजनीतिक इतिहास में पहली बार 92.55 फीसदी वोट करके रिकॉर्ड कायम कर दिया।इससे पहले 84.61 फीसदी मतदान का रिकॉर्ड था तब भी बंगाल में ही हुआ था। लेकिन राजनीति विश्लेषकों का मानना है कि बढ़ा हुआ मतदान एस आई आर ( मतदाता सूची के गहन परीक्षण) के कारण हुआ है क्योंकि बोगस मतदाता सूची से पृथक हो गया और बंगाल में 294 विधानसभा सीटों पर करीब नब्बे लाख मतदाता हटे इस कारण वोटिंग प्रतिशत पर घनात्मक परिवर्तन हुआ बताया जाता है कि बंगाल से बाहर गए लोग भी इस डर शत प्रतिशत वोट करने रेलगाड़ियों से आए कि उनका मतदाता सूची से नाम पृथक नहीं हो जाय और उनकी शासकीय योजनाओं में से नाम पृथक नहीं हो सकता है यहां तक कि उनका आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट समाप्त न हो जाएगा। सही बात भी मीडिया, राजनीतिक नेता नहीं कह रहे हैं कि भला हो मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का जिन्होंने एस आई आर कराया और बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 2400 कंपनियों पैरा मिलिट्री फोर्स की मतदान केंद्र की सुरक्षा और निष्पक्ष मतदान के लिए लगाई जिन्होंने चुनावी हिंसा को रोका।इससे पहले बंगाल में रक्त रंजित ही चुनाव होते रहे थे।इसी सुरक्षा और एस आई आर के चलते रिकॉर्ड और शांति पूर्ण चुनाव हुआ है लेकिन असली बात कहने को कोई राजी नहीं है। वरना भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शिवेंदु सरकार को तुड़मूल कांग्रेस के गुंडों ने क्या हाल किया । हिमायु कबीर की किस तरह धुनाई की गई वह तो वहां पर सीआरपीएफ थी वरना तुड़मूल कांग्रेस के गुंडों ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। बिहार, महाराष्ट्र, असम, केरल, पांडिचेरी, हरियाणा,दिल्ली, तमिलनाडु में भी एस आई आर ने कमाल कर दिया है।चुनाव विशेषज्ञ यशवंत देशमुख का मानना है कि एस आई आर के विभिन्न राज्यों अच्छे परिणाम आए हैं और इस दिशा चुनाव आयोग ने उल्लेखनीय कार्य किया है। सूत्रों के मुताबिक अब भारत में जब सभी राज्यों में एस आई आर हो जाएगा तो एक स्थाई मतदाता सूची बन जाएगी जैसा अमेरिका, ब्रिटिश, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, इटली सहित अनेक देशों में है।और यह सूची ऑनलाइन होगी।

# भारत-न्यूजीलैंड मुक्तव्यापार समझौते का वैश्विक अर्थ

इस समझौते की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है कि न्यूजीलैंड द्वारा भारतीय निर्यातकों को लगभग सभी उत्पादों पर शुल्क–मुक्त बाजार पहुंच प्रदान करना। यह भारतीय उद्योग, विशेषकर श्रम–प्रधान क्षेत्रों के लिए एक स्वर्णिम अवसर है। कपड़ा, चमड़ा, इंजीनियरिंग वस्तुएं और प्लास्टिक उत्पाद जैसे क्षेत्रों को इससे अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा।वैश्विक परिदृश्य इन दिनों युद्ध की अनिश्चितताओं, तनावों और भू–राजनीतिक खींचतान से भरा हुआ है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा ने विश्व अर्थव्यवस्था के सामने कई प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। ऐसे समय में भारत और न्यूजीलैंड के बीच 27 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली में हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) केवल एक द्विपक्षीय आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि वैश्विक निराशा के बीच आशा का एक सशक्त संदेश बनकर उभरा है। यह समझौता उस विश्वास को पुनर्जीवित करता है कि सहयोग, संवाद और साझेदारी ही भविष्य की स्थायी समृद्धि का मार्ग हैं। यह समझौता कई दृष्टियों से ऐतिहासिक है। सबसे पहले, इसे मात्र नौ महीनों में अंतिम रूप दिया जाना अपने आप में एक उपलब्धि है, जो दोनों देशों की प्रतिबद्धता और व्यावहारिक कूटनीति को दर्शाता है। दूसरी ओर, यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब विश्व व्यापार व्यवस्था में बहुपक्षीय संस्थाओं की प्रभावशीलता पर प्रश्न उठ रहे हैं और देश तेजी से द्विपक्षीय या क्षेत्रीय समझौतों की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन की धीमी गति और जटिलताओं के बीच यह समझौता एक नई दिशा का संकेत देता है, जहां लचीले और उद्देश्यपरक समझौते अधिक प्रभावी साबित हो रहे हैं।इस समझौते की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है कि न्यूजीलैंड द्वारा भारतीय निर्यातकों को लगभग सभी उत्पादों पर शुल्क–मुक्त बाजार पहुंच प्रदान करना। यह भारतीय उद्योग, विशेषकर श्रम–प्रधान क्षेत्रों के लिए एक स्वर्णिम अवसर है। कपड़ा, चमड़ा, इंजीनियरिंग वस्तुएं और प्लास्टिक उत्पाद जैसे क्षेत्रों को इससे अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा। इससे न केवल निर्यात बढ़ेगा, बल्कि भारत में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था, जो पहले से ही वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रही है, इस समझौते के माध्यम से और अधिक सशक्त होगी। निवेश के क्षेत्र में भी यह समझौता नई संभावनाओं के द्वार खोलता है। अगले 15 वर्षों में न्यूजीलैंड द्वारा भारत में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि विश्वास का प्रतीक है।

## भारत-न्यूजीलैंड ने नए आर्थिक संघ की शुरुआत की दोनों देशों के लोगों के लिए एक लाभकारी समझौता'

आधुनिक आर्थिक इतिहास के अधिकाँश समय के लिए व्यापार का तर्क सरल था, तुलनात्मक लाभ। यह प्रणाली काम करती थी – जब तक कि यह समझौता नहीं हुआ था। हाल के वर्षों में, भू–राजनीतिक तनावों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन के साथ, व्यापार समझौतों की संरचना का फिर से निर्माण किया जा रहा है। समान विचारधारा वाले लोकतंत्रों के लिए, सवाल अब यह नहीं है कि एकीकृत होना चाहिए या नहीं, बल्कि यह कि कितना गहराई से और कितनी तेजी से एकीकृत होना चाहिए। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की अपनी महत्वाकांक्षा की ओर आगे बढ़ रहा है। देश ने पूर्व, इस बार भारत–प्रशांत क्षेत्र , की ओर अपना ध्यान केंद्रित किया है। भारत ऐसे साझेदारों की तलाश में है, जो आर्थिक एकीकरण और अपने नागरिकों की समृद्धि के लिए इसके दृष्टिकोण को साझा करते हैं। न्यूजीलैंड के रूप में, भारत को बिल्कुल ऐसा ही देश मिला।यह रिश्ता लंबे समय से बन रहा था और पहली नजर में इसका विस्तार व्यापार से आगे तक है। लगभग 3,00,000 भारतीय मूल के लोग न्यूजीलैंड में रहते हैं, जो इसकी आबादी का लगभग 5 प्रतिशत हैंकृ ये एक ऐसे सेतु का निर्माण करते हैं, जो उतना ही सांस्कृतिक है, जितना कि आर्थिक। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि द्विपक्षीय वस्तु व्यापार वित्त वर्ष 2024–25 में 1.3 बिलियन डॉलर पहुंच गया और पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी कृ यह आंकड़ा तेज वृद्धि का संकेत देता है। सेवा व्यापार भी 13 प्रतिशत बढ़ गया है। दो क्रिकेट राष्ट्रों का एक साथ आना, न केवल रोमांचक है, बल्कि पहले से चल रही साझेदारी को भी रेखांकित करता है।प्रतिस्पर्धी निर्माण केंद्रों के बीच व्यापार समझौतों के विपरीत, इस साझेदारी की ताकत इसकी पूरक भूमिका में निहित है। भारत पैमाने की पेशकश करता है, 1.4 अरब लोग, एक उभरता हुआ मध्यम वर्ग और एक विश्वस्तरीय डिजिटल और सेवा अवसंरचना। न्यूजीलैंड विशेषज्ञता की पेशकश करता है– उच्च–तकनीक कृषि, सतत वानिकी और विशिष्ट निर्माण तकनीक। दोनों देशों की पूरक भूमिका ही इस साझेदारी की नींव है।बेहतर बाजार पहुंचरूएफटीए स्पष्टता और आकर्षक विशेषताओं के साथ संतुलन स्थापित करता है। भारत ने संवेदनशील उत्पादों को बाहर रखा है, जैसे डेयरी, अधिकांश पशु उत्पाद, सब्जियां, चीनी, कृत्रिम शहद, वसा और तेल, हथियार और गोला–बारूद, तांबा और एल्युमिनियम के सामान। शत–प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क हटा दिए गये हैं, जिससे निरंतर मौजूद बाधा समाप्त हो गयी हैरू यह बाधा प्रमुख शुल्क लाइनों पर 10 प्रतिशत तक के शुल्क के रूप में मौजूद थी। यह प्रगति श्रम–गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र, परिधान, चमड़ा, सिरामिक और कालीन तथा उच्च–वृद्धि वाले वाहन और इंजीनियरिंग उद्योगों के लिए तत्काल प्रतिस्पर्धा आधारित प्रोत्साहन प्रदान करती है। भारत का वस्त्र और परिधान निर्यात, जो पहले से ही वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है, अब न्यूजीलैंड के बाजार में प्रवेश कर रहा है, जो लगभग 1.9 बिलियन डॉलर मूल्य के ऐसे सामानों का वार्षिक आयात करता है और शून्य–शुल्क पहुँच की सुविधा देता है। इंजीनियरिंग निर्यात, जो दुनिया भर में 110 बिलियन डॉलर से भी अधिक हो गया है, अब ऐसे बाजार में भी वैसी ही गति पकड़ रहा है, जो 11 बिलियन डॉलर के इंजीनियरिंग उत्पाद आयात करता है। चमड़ा, दवाएँ, समुद्री उत्पाद और प्लास्टिक–ये सभी क्षेत्र जो पहले टैरिफ की वजह से बाधित थेकृअब आगे बढ़ने और फलने–फूलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत–प्रशांत क्षेत्र में विविधीकरण और विस्ताररू

यह समझौता दोनों देशों को उनके पारंपरिक बाजारों से हटकर अपने व्यापार में विविधता लाने में मदद करता है। एक ओर, यह भारत को न्यूजीलैंडकृजो संसाधनों से समृद्ध एक विकसित अर्थव्यवस्था है कृषि में शुल्क–मुक्त बाजार पहुंच प्रदान करता हैय वहीं दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की कंपनियों के लिए यह न केवल दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले भारतीय बाजार, जहाँ 1.46 अरब लोग रहते हैं, के द्वार खोलता है, बल्कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था तक भी पहुंच सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, यह न्यूजीलैंड को चीन पर अपनी निर्यात निर्भरता कम करने में मदद करता हैकृक्योंकि उसके कुल माल निर्यात का 28RS. से अधिक हिस्सा चीन जाता है, और साथ ही इसकी आयात आपूर्ति श्रृंखलाओं में सुदृढ़ता लाने में भी सहायक सिद्ध होता है। अब भारत की पहुंच केवल किसी एक विकसित अर्थव्यवस्था तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसकी पहुंच दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के एक व्यापक क्षेत्रीय इकोसिस्टम तक हो गई है। इससे भारतीय निर्यातकों के लिए अधिक निश्चितता और बड़े पैमाने पर अपना परिचालन करना कहीं अधिक आसान हो गया है। यह बाजार तक पहुँच में बिखराव को कम करता है और उन व्यवसायों के लिए एक सुगम मार्ग तैयार करता है, जो प्रशांत क्षेत्र में अपना विस्तार करना चाहते हैं। भारत में व्यापार–आधारित विकास कई विकल्प देता है। देश के स्तर पर, भारत–न्यूजीलैंड एफटीए से व्यापक और संरचना निहित लाभ मिलने की उम्मीद है, जो भारत के निर्यात आधार के भौगोलिक रूप से व्यापक और क्षेत्रीय रूप से विशिष्ट स्वरूप को प्रतिबिंबित करता है। गुजरात के रसायन और रत्न, महाराष्ट्र की दवाएं और वाहन कल–पुर्जे, तमिलनाडु के वस्त्र, उत्तर प्रदेश के चमड़े और हस्तशिल्प, पंजाब के कृषि–आधारित उत्पाद, कर्नाटक की दवाएं और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा पश्चिम बंगाल की चाय और इंजीनियरिंग सामानकृये सभी बेहतर मूल्य प्रतिस्पर्धा से लाभ प्राप्त करने की स्थिति में हैं। आंध्र प्रदेश और केरल जैसी तटीय अर्थव्यवस्थाओं को समुद्री निर्यात में बेहतर मूल्य प्राप्ति होगी, जबकि पूर्वोत्तर क्षेत्र को चाय, मसाले, बांस और जैविक उत्पादों के लिए बेहतर बाजार पहुँच मिल सकती है। अब निर्यात में और विविधता लायी जा सकती है। सौभाग्य से, व्यापार दोनों तरफ से होता है। भारत ने अपनी 70. 03रूपये टैरिफ लाइनों पर टैरिफ में ढील दी है, जबकि 29.97रूपये टैरिफ लाइनों को छूट से बाहर रखा हैय इसमें न्यूजीलैंड के साथ मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार के 95Rs. मूल्य को शामिल किया गया है। उद्योग के लिए हमारे मुख्य इनपुट पर तुरंत ड्यूटी खत्म कर दी गई है। लकड़ी और लकड़ी के गूदे जैसे आयात से कागज, पैकेजिंग, फर्नीचर और निर्माण क्षेत्रों को मदद मिलेगी। यह समझौता ऊन, और लौह व अलौह पदार्थों के कचरे और स्क्रैप तक पहुँच को भी बेहतर बनाता है, जिससे घरेलू उद्योगों को प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी। ये विनिर्माण को बढ़ावा देने वाले कारक हैं। इनकी लागत कम करके, यह समझौता एक महत्वपूर्ण काम करता है, यह भारतीय विनिर्माण के प्रतिस्पर्धा आधार को बदल देता है।

न्यूजीलैंड के लिए, हिसाब–किताब अलग है। भारत का मतलब है बड़ा पैमाना/विविधीकरण की रणनीति में एक जरूरी कड़ी, जो इतने बड़े मौके देती है कि कुछ ही देश उसकी बराबरी कर सकते हैं। 422 अरब डॉलर से ज़्यादा के विदेशी निवेश के साथ, न्यूजीलैंड की वैश्विक मौजूदगी पहले से ही काफी बड़ी है। भारत सिर्फ एक बाजार ही नहीं, बल्कि उत्पादन, तकनीक और मानव संसाधन के क्षेत्र में भी साझेदारी का अवसर देता है। 20 अरब डॉलर के निवेश के वादे के साथ, इस रिश्ते का दीर्घावधि रणनीतिक स्वरूप हैकृएक ऐसा स्वरूप जो रोजगार पैदा करने, क्षमताओं को मजबूत करने और लेन–देन वाले जुड़ाव से आगे बढ़कर एक ऐसी साझेदारी में विकसित होने के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है जो स्थायी, अंतर्निहित और लंबे समय तक चलने वाली हो।

वस्तु व्यापार से आगे का एफटीए शायद इस साझेदारी का सबसे अहम पहलू इसकी बुनियादी बातों पर वापसी हैरू कृषि। कृषि तकनीक एक मुख्य स्तंभ के तौर पर उभरती है। यह समझौता एक ''कृषि उत्पादकता साझेदारी'' की रूपरेखा तैयार करता है, जो ज्ञान के आदान–प्रदान की दिशा में आगे बढ़ती है। प्रशीतन–श्रृंखला लॉजिस्टिक्स, सटीक खेती और कटाई के बाद के प्रबंधन में न्यूजीलैंड की विशेषज्ञता, पैदावार बढ़ाने और बर्बादी कम करने की भारत की जरूरत के अनुरूप है।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार मिलेगा।

वृष राशि–
आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है।

मिथुन राशि–
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रतिदिन की दिनचर्या में सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे।

कर्क राशि–
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे, जहां अन्य लोगों से मेल–मिलाप होगा।

सिंह राशि–
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी।

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है।

तुला राशि–
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर ले सकते हैं।

वृश्चिक राशि–
आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा।

धनु राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं।

मकर राशि–
आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं।

कुंभ राशि–
आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। समाज में आपके काम को सराहा जायेगा।

मीन राशि–
आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में स्थिति अच्छी रहने वाली है। लेकिन समय के साथ सब ठीक हो जाएगा।

# ट्रैकमैनों की उपेक्षा का मुद्दे को लेकर डीआरएम को घेरेगी रेल यूनियन

प्रयागराज। चिलचिलाती धूप के बीच ट्रैकमैनों को 12 की जगह 16 किलोमीटर पैदल पेट्रोलिंग कराने, बिना ओआरएस पैकेट दिए आपूर्ति कागजों पर पूरी दिखाने और मात्र दो लीटर पानी का प्रबंध होने का मुद्दा कल बुधवार 29 अप्रैल को फिर से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में गूंजेंगे।डीआरएम के साथ नार्थ सेंट्रल रेलवे इंप्लाइज संघ की दो दिवसीय स्थायी वार्ता तंत्र (पीएनएम) की बैठक में इस मुद्दे को प्राथमिक सूची में रखा गया है और पर यूनियन आरपार की लड़ाई के मूड़ है। इसके अलावा इंजीनियरिंग विभाग में म्यूचल ट्रांसफर के लिए आनलाइन आवेदन के कई साल बाद भी कार्रवाई न होने और अधिकारियों की चौखट पर आवेदनकर्ताओं से चक्कर लगाने के मामले ने भी तूल पकड़ा है, पीएनएम में इस पर भी गहमागहमी रहेगी।इसके अलावा कोरल क्लब में टेंडर पर टेंडर करने और केवल शादी विवाह के लिए बुकिंग तक कोरल क्लब को सीमित करने पर भी यूनियन नाराज है। यूनियन का कहना है कि रेलकर्मियों के लिए यहां टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट के लिए कई सालों से बस आश्वासन दिया जा रहा है। अन्य मुद्दों में नई मल्टी स्टोरी के पार्किंग में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट बनाने, लोको पायलटों के तीन साल के ओवर टाइम भत्ते का भुगतान करने और जूनियर ग्रेड के ट्रैकमैनों से उच्च ग्रेड के कर्मचारियों वाले काम कराने का मुद्दा भी शामिल है। एनसीआरईएस के मंडल मंत्री चंदन कुमार सिंह ने कहा कि एक ही समस्या को बार–बार नहीं गिनाया जाएगा। समस्याओं को या तो रेल प्रशासन हल करे, अन्यथा हम वैधानिक ढंग से हम आंदोलन को बाध्य होंगे। कर्मचारियों के मुद्दों को पूरी जोरशोर से बैठक में रखेंगे और उन्हें हर हाल में पूरा कराया जाएगा।

# उत×ष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबन्धकों को किया सम्मानित

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के बैकों में वितरण हेतु लम्बित आवेदन पत्रों को 30 अप्रैल तक ऋण वितरण करने हेतु जिला समन्वयको को निर्देश दिये गये।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबन्धकों को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। सम्मानित किये गये शाखा प्रबंधकों में बैंक आफ बड़ौदा, नैनी, महेवा, शंकरगढ़, बैंक आफ इण्डिया टेला, यूको बैंक कोरावं, उ0प्र0 ग्रामीण बैंक सारंगापुर को दिया गया तथा वित्तीय वर्ष 2025– 26 में एसएलबीसी द्वारा दिये गये लक्ष्य की पूर्ति न करने वाले बैंक जैसे स्टेट बैंक आफ इण्डिया, पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया, एचडीएफसी बैंक एवं आईसीआईसीआई बैंक इत्यादि से सरकारी विभागों द्वारा संचालित सरकारी खातो को हटा कर अच्छे कार्य करने वाले बैंको में खाता खोलने के निर्देश अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक आफ बड़ौदा को दिये गये।

वित्तीय वर्ष 2026–27 में शासन द्वारा विभाग को 2800 का लक्ष्य प्रदान किया गया है जिसकी पूर्ति हेतु समस्त जिला समन्वयकों को ससमय लक्ष्य पूर्ति करने हेतु कड़े निर्देश दिये गये हैं।

# डीएम ने उद्यमियों की समस्याओं का किया निराकरण

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को आनलाइन माध्यम से जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जनपद प्रयागराज के उद्यमियों की समस्याओं निराकरण किया गया। इस दौरान आरएम यूपीसीडा से सम्बन्धित 05 बिन्दुओं के प्रकरण पर आरएम द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र नैनी का स्थलीय भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के समय सड़क, नाली एवं बिल्डिंग का कार्य होते हुए पाया गया एवं फायर स्टेशन हेतु भूमि का आवंटन कर दिया गया है जिसके साथ ही एम्बुलेस गाड़ी भी सम्बन्धित स्थल पर साथ रहेगी। अन्य बिन्दु में चर्चा के दौरान अध्यक्ष द्वारा औद्योगिक संगठनों व उद्यमियों इकाईयों से वार्ता की गयी जिसके क्रम में किसी औद्योगिक संगठन द्वारा किसी भी प्रकार से श्रमिक से सम्बन्धित समस्या नही उठाई गयी। बैठक में सन्तोष कुमार आरएम यूपीसीडा, सीएमओ, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अजीत कुमार, व औद्योगिक संगठन के पदाधिकारी विनय टण्डन, चौम्बर आफ कामर्स, डा0 जी0एस0 दरबारी, अनुराग मिश्रा उद्यमी, अजय सिंह गौड़ उद्यमी एवं अन्य विभागों के अधिकारी तथा उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# देवांश व अभिषेक के खेल से कायस्थ पाठशाला फाइनल में

प्रयागराज। कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को कुलभास्कर कप क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मैच में आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई हैं। इस जीत में देवांश पाठक के बहुमुखी प्रदर्शन ( 34 रन, 27 गेंद, छह चौके व 4 – 0 – 28 – 2 ) और अभिषेक यादव के नाबाद ( 66 रन, 82 गेंद, आठ चौके ) की पारी रंग लाई। मंगलवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 40 ओवर में आठ विकेट पर 193 रन ( गुलाम अली खान 54, आदित्य राज तिवारी 23, तन्मय मालवीय 22 नाबाद, अखिलेश यादव व विशेष आनंद 20 – 20 रन, देवांश पाठक 2/28, हर्षित तिवारी 2/31, आदर्श पांडेय 1/30, आशुतोष पांडेय 1/36, आदित्य पाठक 1/40 ) पर बनाए। जवाब में  कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब की टीम ने 29 ओवर में दो विकेट खोकर 194 रन ( अभिषेक यादव 66 नाबाद, फरहान आंसरी 36, देवांश पाठक 34, शिवम सिंह यादव 30 अविजित रन, अखिलेश यादव 1/33, विशेष आनंद 1/41 ) पर बना लिए। मैच में हितेश श्रीवास्तव व विश्वास  सक्सेना ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

# गंगा डिग्री कालेज और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल विजयी

प्रयागराज। आदित्य सिंह के शतक (173 रन, 82 गेंद, 19 चौके, 12 छक्के) की बदौलत गंगा डिग्री कॉलेज गंगा डिग्री कॉलेज ने श्री सहायक क्लब को 266 रन और ओम तिवारी के शतक (123 रन 59 दिन 13 चौक 9 छक्के) की बदौलत विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने सेंट जॉन्स क्लब को 84 रन से हराकर मनीष देब बी डिवीजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किया। फाफामऊ मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में गंगा डिग्री कॉलेज क्लब ने 40 ओवर में 370 रन (आदित्य सिंह 173, अभिनव सिंह 40, रौनक चौरसिया 39, तनय सिंह 37, सलमान 25, शिवम मौर्य 4/33, अजय कुमार 2/56) बनाए। जवाब में श्री सहायक क्लब की टीम 20.3 ओवर में 104 रन (ऋषभ 27, शौर्य 13, अभिनव सिंह 3/21, ओमप्रकाश 3/22, अंशु पटेल 2/14) पर सिमट गई। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने अपने मैदान पर 29.4 ओवर में 286 रन (ओम तिवारी 123, नीतीश पाल 29, सचिन पाल 28, कार्तिकेय सिंह 19, निकेश कुमार 4/58, वैभव पांडेय 3/70) बनाए। जवाब में सेंट जॉन्स क्लब की टीम 21.5 ओवर में 202 रन (अनुराग बिंद 66, दिवाकर यादव 34, दिव्यांश 28 नाबाद, निकेश कुमार 25, प्रियम सिंह 4/35, मोनू कुमार 2/35) पर सिमट गई।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं

श्रावस्ती । जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आमजन की समस्याओं व शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन पर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 13 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि सम्बन्धित प्रकरणों में तत्काल समुचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही .त कार्रवाई के बाद उन्हें भी अवगत कराना सुनिश्चित करें। निस्तारण के अवधि में लेटलतीफी कदापि न बरती जाए। इसके लिए फरियादियों से समन्वय स्थापित कर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## जिलाधिकारी ने ई0वी0एम0/वी0वी0पैट वेयर हाउस का मसिक निरीक्षण कर लिया जायजा

श्रावस्ती। भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने जनपद मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में स्थित ई0वी0एम0/वी0वी0पैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस में रखे बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट तथा वी0वी0पैट की सतत् निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने तथा सीसीटीवी कवरेज के डी0वी0आर0 के सतत् संचालन व रिकार्डिंग के भी निर्देश दिये है। इस अवसर पर अपर जिला मजिस्ट्रेट अमरेन्द्र कुमार वर्मा, सपा से महेश यादव, भाजपा से विनोद साहू, कांग्रेस के विद्यामणि त्रिपाठी सहित निर्वाचन कार्यालय के सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चरण आर्य, कनिष्ठ सहायक मकसूद अहमद व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ट्रैकमैनों की उपेक्षा का मुद्दे को लेकर डीआरएम को घेरेगी रेल यूनियन

प्रयागराज। चिलचिलाती धूप के बीच ट्रैकमैनों को 12 की जगह 16 किलोमीटर पैदल पेट्रोलिंग कराने, बिना ओआरएस पैकेट दिए आपूर्ति कागजों पर पूरी दिखाने और मात्र दो लीटर पानी का प्रबंध होने का मुद्दा कल बुधवार 29 अप्रैल को फिर से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में गूंजेंगे।डीआरएम के साथ नार्थ सेंट्रल रेलवे इंप्लाइज संघ की दो दिवसीय स्थायी वार्ता तंत्र (पीएनएम) की बैठक में इस मुद्दे को प्राथमिक सूची में रखा गया है और पर यूनियन आरपार की लड़ाई के मूड़ है। इसके अलावा इंजीनियरिंग विभाग में म्यूचल ट्रांसफर के लिए आनलाइन आवेदन के कई साल बाद भी कार्रवाई न होने और अधिकारियों की चौखट पर आवेदनकर्ताओं से चक्कर लगाने के मामले ने भी तूल पकड़ा है, पीएनएम में इस पर भी गहमागहमी रहेगी।इसके अलावा कोरल क्लब में टेंडर पर टेंडर करने और केवल शादी विवाह के लिए बुकिंग तक कोरल क्लब को सीमित करने पर भी यूनियन नाराज है। यूनियन का कहना है कि रेलकर्मियों के लिए यहां टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट के लिए कई सालों से बस आश्वासन दिया जा रहा है। अन्य मुद्दों में नई मल्टी स्टोरी के पार्किंग में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट बनाने, लोको पायलटों के तीन साल के ओवर टाइम भत्ते का भुगतान करने और जूनियर ग्रेड के ट्रैकमैनों से उच्च ग्रेड के कर्मचारियों वाले काम कराने का मुद्दा भी शामिल है। एनसीआरईएस के मंडल मंत्री चंदन कुमार सिंह ने कहा कि एक ही समस्या को बार–बार नहीं गिनाया जाएगा। समस्याओं को या तो रेल प्रशासन हल करे, अन्यथा हम वैधानिक ढंग से हम आंदोलन को बाध्य होंगे। कर्मचारियों के मुद्दों को पूरी जोरशोर से बैठक में रखेंगे और उन्हें हर हाल में पूरा कराया जाएगा।

# मूट कोर्ट प्रतियोगिता में सुसति की टीम विजेता

प्रयागराज। सीएमपी डिग्री कॉलेज के विधि संकाय में मंगलवार को कार्यक्रमों की अनूठी श्त्रिवेणीश देखने को मिली। जीएन वर्मा इंटरनेशनल मूट कोर्ट हॉल में श्सक्सेस मंत्रश विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला, इंट्रा–फैकल्टी मूट कोर्ट प्रतियोगिता और श्प्रतिभा सम्मान समारोहश का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे, प्रो. शिव शंकर सिंह ने किया। इस अवसर पर न्यायिक सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कॉलेज की पूर्व छात्राएं मधुलिका यादव और अंजुम आरा को सम्मानित किया गया। दोनों ने क्रमशः राजस्थान और छत्तीसगढ़ पीसीएस–जे परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं मूट कोर्ट में श्केशवानंद भारती केसश पर आधारित बहस` छात्रों ने संविधान के श्मूल ढांचेश को लेकर तर्क प्रस्तुत किए।इसमें सुकृति जायसवाल की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. हरिबंश सिंह रहे। उन्होंने कहा कि एक सफल अधिवक्ता बनने के लिए केवल कानून रटना पर्याप्त नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा को समझना अधिक आवश्यक है। मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता अशोक मेहता ने पारिवारिक मूल्यों और तकनीक के सकारात्मक उपयोग को सफलता की कुंजी बताया। परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के स्वामी माधव ने भी विचार व्यक्त किए।

# शिवांशी त्रिपाठी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया प्रयागराज का मान

## अमेरिका के एरिजोना विश्वविद्यालय में बी.टेक में मिला प्रवेश, कई वैश्विक उपलब्धियां भी नाम

प्रयागराज की प्रतिभाशाली छात्रा शिवांशी त्रिपाठी ने अमेरिका के प्रतिष्ठित  एरिजोना विश्वविद्यालय मेंकंप्यूटर साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय के साथ बी.टेक में प्रवेश प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया है।शिवांशी ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एसएटी परीक्षा में 99.8 प्रतिशत अंक क और टोफेल में 99.6 प्रतिशत अंक हासिल किया। इसके साथ ही उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय से संगणक प्रोग्रामिंग, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से पर्यवेक्षित मशीन अधिगम तथा येल विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान का परिचय में प्रमाणपत्र प्राप्त किए हैं।सामाजिक और वैश्विक मुद्दों पर भी शिवांशी की सक्रिय भागीदारी रही है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्वास्थ्य संबंधी भ्रामक जानकारी से निपटना और पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ–साथ यूनिसेफ के लैंगिक आधारित हिंसा के मूल सिद्धांत एवं यौन उत्पीड़न की रोकथाम जैसे विषयों में भी प्रमाणपत्र हासिल किए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी उपलब्धियों को पहचानते हुए उन्हें आर्ट फॉर पीस मानवतावादी पुरस्कार (न्यूयॉर्क) और जी–22 समरसता पुरस्कार (नेपाल) से सम्मानित किया जा चुका है, जो उनकी सामाजिक सेवा और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है।

# नारी सशक्तिकरण से सुरक्षित समाज की ओर श्रावस्ती पुलिस का जनजागरूकता का सशक्तअभियान

श्रावस्ती । पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी' के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक 'श्री मुकेश चंद्र उत्तम' एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण के प्रभावी पर्यवेक्षण में जनपद श्रावस्ती में 'मिशन शक्ति फेज 5 (द्वितीय चरण)' के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सु.ढ़ करने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में 'थाना कोतवाली भिनगा, सिरसिया, मल्हीपुर, हरदत्तनगर गिरंट, सोनवा, गिलौला, इकौना, नवीन मॉडर्न, महिला थाना एवं शक्ति मोबाइल टीम' द्वारा विद्यालयों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। चौपाल, संवाद एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा उपायों, कानूनी अधिकारों एवं सहायता सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें '"शक्ति दीदी"' के रूप में निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया। साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल एवं संदिग्ध लिंक के प्रति सचेत करते हुए 'ओटीपी साझा न करने, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने' तथा किसी भी आपात स्थिति में 'हेल्पलाइन नंबर 1930' पर तत्काल सूचना देने के लिए जागरूक किया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती । जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने बैंकों के माध्यम से संचालित तमाम योजनाओं की गहनता से समीक्षा की तथा बैंक प्रबन्धकों को निर्देश दिया कि बेरोजगारों द्वारा स्वरोजगार के लिए ऋण लेने हेतु उद्योग विभाग या अन्य सम्बन्धित विभागों के माध्यम से जो आवेदन किये जाते हैं उनकी गहनता से जांच करें और सकारात्मक रवैया अपनाते हुए यदि आवेदन में किसी भी अभिलेख की कमी रहती है तो आवेदक से ससमय सभी औपचारिकताओं को पूर्ण कराकर उन्हें ऋण मुहैया कराया जाये। जिससे आवेदक समय से अपना व्यवसाय प्रारम्भ कर सकें।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनान्तर्गत भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम पाये जाने पर निर्देशित किया कि दिये गये लक्ष्य के अनुरूप समय सीमा के अन्दर लक्ष्य पूरा किया जाए। यदि किसी आवेदन पर ऋण स्वी.ति नही हो पा रही है, तो उसका कारण भी बताया जाए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा ऋण जमा अनुपात(सी0डी0 रेशियो), प्राथमिक क्षेत्र के ऋणों के अंतर्गत सभी योजनाओ की बैंक गहनता पूर्वक चर्चा हुई। 60 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले सभी बैंकों को अपनी मासिक कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने को कहा गया। सीएम युवा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओ0डी0ओ0पी0, स्वयं सहायता समूह क्रेडिट लिंकेज, पी0एम0एफ0एम0ई0, के0सी0सी0 फिशरीज आदि योजनाओं के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों को शीघ्रतापूर्वक निस्तारित करने एवं बिना कारण आवेदनों को रिजेक्ट न करने के निर्देश दिए।

# जिलाधिकारी ने जगतजीत इंटर कालेज इकौना में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण का लिया जायजा

श्रावस्ती । जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने तहसील इकौना अन्तर्गत जगतजीत इंटर कालेज में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को बारीकी से परखा एवं प्रशिक्षकों को जनगणना से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर जनगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को सही ढंग से दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पूरे कैम्पस में भ्रमण कर चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि आज कुल 235 कर्मचारियों का प्रशिक्षण कराया जाना है, जिसमें 08 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपेक्षित तैयारियाँ समयबद्ध ढंग से पूरी करें।

# तीन दिन से लापता युवक की नदी में मिली हत्या कर फेंकी गई लाश

मीरजापुर। जिले में पुलिस की कानून व्यवस्था को लगातार चुनौती देते हुए दबंग, बदमाश और अपराधी अपराधों को अंजाम देते हुए जिले में भय व दहशतगर्दी का आलम पैदा कर रहे हैं। पिछले दिनों नगर क्षेत्र में दिनदहाड़े अधिवक्ता एवं प्रधान पति की हत्या की घटना को अभी लोग भूल भी नहीं पाएं थें कि जिले के विंध्याचल थाना क्षेत्र अंतर्गत  कर्णावती नदी के किनारे एक 19 वर्षीय युवक की लाश नदी में मिलने है सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि युवक को अगवा कर उसकी हत्या कर शव छिपाने के लिए हत्यारों ने ऐसी साजिश रचीं की लोगों की रुह कांप जा रही है। पूरा मामला विन्ध्याचल थाना के कठवैया गांव का बताया गया है।

क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को  विंध्याचल थाना क्षेत्रांतर्गत राजकीय आईटीआई गैपुरा के पास कर्णावती नदी के किनारे एक शव होने की सूचना मिली। सूचना पर थाना विन्ध्याचल पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच कि गयी तो मृतक की पहचान राहुल उर्फ छोटू पुत्र ललित प्रजापति 19 वर्ष निवासी कठवैया कलां थाना विंध्याचल, मीरजापुर के रूप में हुई। शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई है। बताया जा रहा है कि युवक पिछले तीन दिनों से लापता था इस सम्बन्ध में 25 अप्रैल 26 को गुमशुदगी की रिपोर्ट विंध्याचल कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। परिजनों के मुताबिक बेटे की तलाश में वह दर–दर भटकते फिरते रहे हैं मीरजापुर से लेकर मेजा प्रयागराज तक खोजबीन कर चुके हैं। आशंका जताई है कि उनके बेटे का अपहरण कर फिर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है।

# डीएम ने बाढ़ क्षेत्र के अनुश्रवण, फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कर की समीक्षा

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में जनपद के बाढ़ क्षेत्र के अनुश्रवण हेतु फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बाढ़ से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में बाढ़ के समय बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करके आवश्यक प्रबन्ध एवं कार्यवाही, बाढ़ निरोधक कार्यों पर बाढ़ के समय आवश्यक सामग्री कार्यस्थल पर पहुंचाने के लिए साधन उपलब्ध कराना, बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थल पर मरम्मत के लिए मजदूर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था, बाढ़ निरोधक कार्यों की सुरक्षार्थ आवश्यकता पड़ने पर पीएसी, पुलिस या होमगार्डस द्वारा पेट्रोलिंग का प्रबन्ध, शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थलों पर जहां रात्रि में भी कार्य करने की आवश्यकता हो, वहां बिजली का उचित प्रबन्ध, जलमग्न क्षेत्रों में वर्षा के पानी को निकालने के लिये पम्पों, डीजल और बिजली इत्यादि की समुचित व्यवस्था, राहत कार्यों से सम्बन्धित विभागों, संस्थानों के समन्वय कर व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ क्षेत्रों में पर्याप्त नाव की व्यवस्था करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा वर्षा से पूर्व सभी के टीकाकरण शत प्रतिशत पशुओं को लगवाना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जीवन रक्षक दवाएं, एम्बुलेंस सहित सभी व्यवस्थाए कराना सुनिश्चित करेंगे। लोक निर्माण विभाग खण्ड–2 को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन रास्तो पर जलभराव हो जाता है उन रास्तों पर आवागमन के लिए पुलिया, सड़क की मरम्मतीकरण कराना सुनिश्चित करें। टेण्डर आदि के बारे में जिलाधिकारी ने कहा कि समय रहते करा लिया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र,  सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# 'निर्मम तरीके से हत्या कर लाश पर बांधा पत्थर'

हत्यारोपी किस कदर शैतान बन बैठे थे इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि हत्यारों ने युवक की हत्या करने के बाद लाश को ठिकाने लगाने से पहले लाश पर पत्थर का बड़ा टुकड़ा बांध दिया था, ताकि लाश पानी के नीचे ही रह जाएं और जलीय जीव जंतुओं का वह शिकार हो जाएं। लेकिन नदी में पानी कम होने तथा अचानक किसी ग्रामीण की नजर नदी के अंदर लाश पर पड़ जाने से मामला खुल गया।

# महिला ने दुर्व्यवहार करने व एक पक्षीय कार्रवाई का लगाया आरोप

## 'दो बार पैमाइश के बाद भी किया जा रहा है परेशान

मीरजापुर। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर बनवा रही गरीब महिला ने विपक्षियों पर मकान के निमार्ण में बेवजह अड़चन डाल पुलिस के सह पर मारपीट एवं प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता कंचन देवी पत्नी नंदलाल निवासी ग्राम तेंदुआ खुर्द, लालगंज ने बताया है कि उनके पास वन अधिकार कानून 2006 के तहत वैध आबादी पट्टा है। वन विभाग व हल्का लेखपाल द्वारा जमीन की 2 बार पैमाइश हो चुकी है, जिसमें उन्होंने अपने पट्टे की सीमा में ही निर्माण कराती पाई गई हैं, बावजूद इसके वन विभाग की जमीन बताकर मामले को दबाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें और उनके परिवार पर ही पुलिस ने बीएनएस धारा 126/135 के तहत शांति भंग की कार्रवाई कर दी है। जबकि आरोपी को क्लीन चिट दे दी गई है। आरोप है कि विपक्षीगण अनिल, सूरज, दीपक, विनोद, शशिकांत के कहने पर पुलिस ने यह एकतरफा कार्रवाई की।

# बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष आज पहुंचेंगे विंध्याचल  धाम

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन अध्यक्ष पद संभालने के बाद पहली बार मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन–पूजन के लिए विंध्याचल धाम पहुंच रहे हैं। वे बुधवार, 29 अप्रैल 2026 को यहां आएंगे तथा विधि पूर्वक दर्शन पूजन करेंगे। वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन पूजन के साथ मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के काशी में दो दिवसीय कार्यक्रम के बाद बुधवार को बीजेपी राष्ट्रीय विख्यात देवी धाम विंध्याचल मंदिर पहुंचेंगे। बीजेपी प्रमुख के आगमन को देखते हुए अंदर ही अंदर

पुलिस प्रशासन से लेकर पार्टी के स्थानीय लोग तैयारियों में लगे हुए हैं। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर अन्य व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने की खातिर तैयारी मंगलवार से ही होती रही है। बताते चलें कि नितिन नबीन इससे पहले विधायक पद पर रहते हुए कई बार मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन–पूजन कर चुके हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के नौगवां ग्राम पंचायत के अमहा गांव में मंगलवार सुबह कच्चे मकान के बंडेर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर युवती ने जान दे दी। अमहा गांव निवासी स्वर्गीय सुखराज कोल की 20 वर्षीया पुत्री सुमन अपने कच्चे मकान के बंडेर में प्लास्टिक की रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# हार के बाद भी पंजाब किंग्स की बादशाहत कायम, तीसरे स्थान पर राजस्थान, पइंट्स टेबल में हुआ बदलाव

पंजाब किंग्स को हराने के बाद राजस्थान रॉयल्स की टीम अंक तालिका में तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। जीत के साथ एक स्थान के फायदे के साथ आरआर की टीम 12 अंक के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। जबकि हैदराबाद की टीम को घाटा हुआ है। जबरदस्त फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स का विजय रथ राजस्थान रॉयल्स ने रोक ही दिया। रॉयल्स ने पंजाब को उसी के घर में 6 विकेट से मात देकर टूर्नामेंट में पहली हार का स्वाद चखाया। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब की टीम सात मैचों से अजेय थी, जिसमें उसने 6 मैच जीते थे और एक मैच बेनतीजा रहा था। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स को 223 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे उसने यशस्वी जायसवाल और डोनोवान फरेरा की अर्धशतकीय पारी के दम पर चार गेंद शेष रहते चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। राजस्थान ने छठी बार 200 से ज्यादा का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। राजस्थान के लिए फरेरा को नंबर पांच पर उतारने और शुभम दुबे को इम्पैक्ट सब के रूप में भेजना सही साबित हुआ। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछली हार के बाद राजस्थान



के लिए ये जीत काफी अहम है और मनोबल बढ़ाने वाली साबित होगी। वहीं पंजाब किंग्स को हराने के बाद राजस्थान रॉयल्स की टीम अंक तालिका में तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। जीत के साथ एक स्थान के फायदे के साथ आरआर की टीम 12 अंक के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। जबकि हैदराबाद की टीम को घाटा हुआ है। हैदराबाद की टीम 10 अंक के साथ, चौथे स्थान पर है।

# आरसीबी के सामने कड़ी परीक्षा होगी गुजरात टाइटंस की

गुजरात टाइटंस को गुरुवार को होने वाले आईपीएल के मैच में शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अब जबकि टूर्नामेंट का आधा चरण पूरा हो चुका है तब गुजरात टाइटंस की टीम आठ मैचों में चार जीत और चार हार के साथ अंक तालिका में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रही है।

निरंतरता हासिल करने के लिए बेताब गुजरात टाइटंस को गुरुवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अब जबकि टूर्नामेंट का आधा चरण पूरा हो चुका है तब गुजरात टाइटंस की टीम आठ मैचों में चार जीत और चार हार के साथ अंक तालिका में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रही है।दूसरी तरफ मौजूदा चौंपियन आरसीबी शानदार फॉर्म में है और उसने आठ मैचों में से छह में जीत दर्ज की है। आरसीबी अभी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। आरसीबी की तरफ से उसके तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने मिलकर कहर बरपाया है। जहां भुवनेश्वर ने अपनी शानदार स्विंग से पुराने दिनों की याद दिला दी है, वहीं हेजलवुड ने टेस्ट मैच के स्तर की गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान किया है। वह बल्ले के बाहरी किनारे को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं।इसके अलावा बीच के ओवरों में क्रुणाल पंड्या का सामना



करना भी बड़ी चुनौती है क्योंकि उनकी गेंदबाजी में काफी विविधता है। गुजरात टाइटंस की टीम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अधिक निर्भर है। उसके चोटी के तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर ने एक बार फिर अधिकतर रन बनाए हैं। वाशिंगटन सुंदर ने मध्य क्रम में अपनी काबिलियत साबित की है, जबकि शाहरुख खान और राहुल तेवतिया जैसे फिनिशर अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं।मध्य क्रम को मजबूती देने के लिए जेसन होल्डर को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। इन दोनों टीम के बीच पिछले सप्ताह चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच खेला गया था जिसमें आरसीबी ने 206 रन का लक्ष्य सात गेंद शेष रहते आसानी से हासिल कर लिया था। गुजरात टाइटंस की टीम अभी तक अपने घरेलू मैदान पर दबदबा बनाने में नाकाम रही है। उसने मोटेरा में खेले गए तीन मैचों में से दो मैच गंवाए हैं। आरसीबी इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है, लेकिन सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है।इंग्लैंड के अपने साथी खिलाड़ी फिल साल्ट की चोट के कारण पिछले दो मैच में खेलने वाले जैकब बेथेल कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। यह प्रतिभाशाली बल्लेबाज गुरुवार को विराट कोहली के साथ पारी का आगाज करते हुए अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगा। बेथेल ने टी20 विश्व कप के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था और वह किसी भी समय अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा सकते हैं इसलिए गुजरात टाइटंस को किसी तरह के मुगालते में नहीं रहना चाहिए। आरसीबी ने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को करारी शिकस्त दी थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा होगा। दिल्ली में मिली बड़ी जीत के बाद आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा था, ''अपनी दिनचर्या का पालन करना बहुत जरूरी है क्योंकि अभी लंबा सफर तय करना है, लेकिन मुझे लगता है कि हम एक–एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे लिए सकारात्मक बात यह है कि हमारा कोई ना कोई खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।''टीम इस प्रकार हैं गुजरात टाइटंसरू शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, जयंत यादव, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, अनुज रावत, कुलवंत खेजरोलिया, राहुल तेवतिया। आरसीबीरू रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, फिलिप साल्ट, जितेश शर्मा, जैकब बेथेल, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, अभिनंदन सिंह, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, वेंकटेश अय्यर, जैकब डफी, मंगेश यादव, जॉर्डन कॉक्स, विक्की ओस्टवाल, विहान मल्होत्रा, कनिष्क चौहान, सात्विक देसवाल।

# श्रीलंका क्रिकेट में उथल-पुथल, शम्मी सिल्वा के साथ पूरे बोर्ड ने दिया इस्तीफा

एसएलसी में बड़ा उलटफेर हो गया है। लंबे समय तक बोर्ड के चेयरमैन रहे शम्मी सिल्वा ने इस्तीफा दे दिया है। शम्मी सिल्वा ने ये फैसला इसलिए भी लिया है क्योंकि देश के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने बोर्ड में बदलाव पर जोर दिया था। 2019 से सिल्वा ही श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के हेड थे।श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड यानी एसएलसी में बड़ा उलटफेर हो गया है। लंबे समय तक बोर्ड के चेयरमैन रहे शम्मी सिल्वा ने इस्तीफा दे दिया है। शम्मी सिल्वा ने ये फैसला इसलिए भी लिया है क्योंकि देश के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने बोर्ड में बदलाव पर जोर दिया था। 2019 से सिल्वा ही श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के हेड थे। उनके साथ–साथ दूसरे



अधिकारियों ने भी एक साथ इस्तीफा दे दिया है, जैसा कि पहले तय किया गया था। इस्तीफे तुरंत लागू हो गए हैं जिससे एक अंतरिम बॉडी के बोर्ड चार्ज लेने का रास्ता साफ हो गया है।ैस्ट की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि, श्रीलंका क्रिकेट के प्रेसिडेंट, शम्मी सिल्वा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ, एसएलसी की एग्जीक्यूटिव कमिटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है। बयान में आगे कहा गया है कि, इस फैसले के बारे में औपचारिक रूप से राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और माननीय युवा मामले और खेल मंत्री, सुनील कुमारा गमागे को बता दिया गया है। ये इस्तीफे मंगलवार को एसएलसी की एग्जीक्यूटिव कमिटी की मीटिंग के बाद हुए हैं। मीटिंग में एक साथ अपने–अपने पद को छोड़ने का फैसला शम्मी सिल्वा की अध्यक्षता वाली समिति ने लिया है। श्रीलंका की सरकार अब एक अंतरिम कमेटी बोर्ड को चलाने के लिए कुछ समय के लिए बना सकती है जिसे पूर्व सांसद एरन विक्रमरत्ने हेड करेंगे।

# वैपिंग कांड में बुरे फंसे रेयान पराग, राजस्थान रायल्स के कप्तान को मिलेगी सजा?

रियान पराग की वैपिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है लेकिन



बीसीसीआई किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले मैच के फुटेज की प्रामाणिकता जांचेगी और फिर रियान परगा के साथ–साथ रॉयल्स मैनेजमेंट से भी पूछताछ करेगी। मैच अधिकारी भी इसमें शामिल होंगे। आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स का विजय रथ रोकने में राजस्थान रॉयल्स की टीम कामयाब रही। इस मैच में रियान पराग की टीम ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से मात दी। लेकिन जहां इस मैच को जीतने के बाद रियान पराग की तारीफ होने चाहिए थी उस मैच के लिए उनकी जमकर आलोचना हो रही है। साथ ही उन्हें सजा होने की आशंका भी है। दरअसल, मामला कुछ यूं है कि राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग आईपीएल 2026 के मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में ई–सिगरेट के कश लगाते हुए कैमरे में कैद हुए थे। इस पर अब बवाल मच गया है। रियान पराग की वैपिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है लेकिन बीसीसीआई किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले मैच के फुटेज की प्रामाणिकता जांचेगी और फिर रियान परगा के साथ–साथ रॉयल्स मैनेजमेंट से भी पूछताछ करेगी। मैच अधिकारी भी इसमें शामिल होंगे। इसके अलावा जो खिलाड़ी इस फ्रेम में नजर आ रहे हैं उनसे भी पूछताछ हो सकती है। अगर ये सिद्ध हो जाता है कि रियान पराग वाकई में ई–सिगरेट का सेवन ड्रेसिंग रूम में कर रहे थे तो उन्हें कड़ी सजा मिलनी स्वाभाविक है। क्या है आईपीएल के नियम और सजा? आईपीएल मैचों के दौरान ड्रेसिंग रूम में नो स्मोकिंग जोन के अंतर्गत आता है। बीसीसीआई ने तंबाकू से संबंधित सभी उत्पादों को प्रतिबंधित किया हुआ है। ऐसे में ई सिगरेट यानी वैपिंग करना भी ड्रेसिंग रूप में बैन है।

ऐसा करने पर बीसीसीआई खिलाड़ी या अन्य सपोर्ट स्टाफ को फटकार लगा सकती है। मैच फीस का फाइन ठोक सकती है या फिर खिलाड़ी को बैन भी कर सकती है।

# रियान पराग ने लगाई ई-सिगरेट की कश, वीडियो वायरल होते ही मचा बवाल

राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी रियान पराग आईपीएल मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में ई–सिगरेट पीते हुए कैमरे में कैद हो गए, जिससे बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। भारत में 2019 से ई–सिगरेट पर प्रतिबंध है, और इस लापरवाही भरे कृत्य के लिए पराग पर बीसीसीआई द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में 'वेपिंग' (ई–सिगरेट का इस्तेमाल करना) करते हुए टीवी कैमरों में कैद होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। भारत सरकार ने 2019 में ई–सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें इसका उत्पादन, बिक्री और वितरण शामिल था। इस संबंध में कानून के अनुसार पहली बार अपराध करने पर दोषी को एक साल तक की कैद हो सकती है या और उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया सकता है।आईपीएल के मौजूदा सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम में ई–सिगरेट का सेवन करते हुए देखे गए। कैमरे में कैद हुई इस घटना पर सोशल मीडिया पर तुरंत ही प्रतिक्रिया होने लगी। पराग ने अपनी टीम की जीत में 16 गेंदों में 29 रन बनाए थे। इस प्रतियोगिता के संचालन से जुड़े आईपीएल और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों ने इसे सोशल मीडिया और टीवी कैमरों की निगरानी के युग में बेहद लापरवाही वाला कृत्य करार दिया। आईपीएल के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया, ''कई खिलाड़ी ई–सिगरेट का सेवन करते हैं, लेकिन वे ड्रेसिंग रूम में ऐसा नहीं करते। इतने सारे कैमरों के बीच ऐसा करना बेहद जोखिम और लापरवाही भरा है। पराग को खुलेआम ई–सिगरेट पीते हुए पकड़े जाने के बाद बीसीसीआई को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।''राजस्थान रॉयल्स टीम का कोई भी अधिकारी इस मामले पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं था। आईपीएल के मौजूदा सत्र में यह पहला अवसर नहीं है जबकि राजस्थान किसी विवाद में पड़ा। इससे पहले इसी महीने की शुरुआत में टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन का इस्तेमाल करने कारण नियमों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। आईपीएल के एक अन्य सूत्र ने पीटीआई को बताया कि मौजूदा टूर्नामेंट से पहले मुंबई में कप्तानों की बैठक



में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की निजता का मुद्दा उठाया गया था। कुछ कप्तानों ने सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम की ओर कैमरे घुमाए जाने पर आपत्ति जताई थी।सूत्र ने कहा, ''यह ड्रेसिंग रूम में ई–सिगरेट के इस्तेमाल से सीधे तौर पर संबंधित नहीं था। यह मोटे तौर पर खिलाड़ियों की निजता से जुड़ा था। कई बार खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में पूरे कपड़े नहीं पहने होते हैं या वे कैमरों से बचना चाहते हैं।'' सूत्र के अनुसार खिलाड़ियों को बताया गया कि ड्रेसिंग रूम से फुटेज दिखाने वाले कैमरों के बारे में फैसला लेना बीसीसीआई का नहीं बल्कि प्रसारक का काम है। इस घटना के बाद इसकी समीक्षा की जा सकती है। सूत्र ने कहा, ''यह पराग की तरफ से लापरवाही थी और इस तरह की घटना का बचाव करना मुश्किल है। एक शीर्ष खिलाड़ी का इस तरह धूम्रपान करते हुए पकड़े जाना लोगों के लिए अच्छा उदाहरण नहीं है।'' ई–सिगरेट निषेध अधिनियम (पीईसीए) 2019 के अनुसार, ''कोई भी व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ई–सिगरेट का उत्पादन या निर्माण या आयात या निर्यात या परिवहन या बिक्री या वितरण नहीं करेगा और ई–सिगरेट का विज्ञापन नहीं करेगा या किसी ऐसे विज्ञापन में भाग नहीं लेगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ई–सिगरेट के उपयोग को बढ़ावा देता हो।''जॉन हॉपकिंस मेडिसिन के अनुसार, ''ई–सिगरेट का इस्तेमाल करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, हालांकि यह सिगरेट पीने जितना हानिकारक नहीं हो सकता है।'' उसके अनुसार, ''निकोटिन नियमित सिगरेट और ई–सिगरेट का मुख्य घटक है और इससे लत लग जाती है।

# राजस्थान रायल्स ने पंजाब किंग्स को दी पटखनी, 6 विकेट से खत्म किया दबदबा

राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को उसके घर में 6 विकेटों से हराया है। वहीं अब तक अजेय रही पंजाब की टीम का घमंड भी रॉयल्स ने मिट्टी में मिला दिया। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पंजाब ने 223 रनों का लक्ष्य दिया जिसे रॉयल्स की टीम ने 19.4 ओवर में हासिल कर लिया।आईपीएल के 40वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को उसके घर में 6 विकेटों से हराया है। वहीं अब तक अजेय रही पंजाब की टीम का घमंड भी रॉयल्स ने मिट्टी में मिला दिया। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पंजाब ने 223 रनों का लक्ष्य दिया जिसे रॉयल्स की टीम ने 19.4 ओवर में हासिल कर लिया।मुल्लापुर में खेले जा रहे इस मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने के मौके को पंजाब किंग्स ने खूब भुनाया। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या 11 गेंदों में 29 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर आउट हुए। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह ने 35 गेंदों में अर्धशतक जड़ते



हुए 44 गेंदों में 59 रन बनाए। कूपर कोनोली ने 14 गेंदों में 30 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली जिससे रन रेट मेंटेन रहा। आज के मैच में कप्तान श्रेयस अय्यर रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे और 27 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं रॉयल्स की तरफ से यशराज पुंजा को 2 और नांद्र बर्गर और आर्चर को एक–एक विकेट मिला। सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए और अपने चार ओवर केस्पेल में जडेजा को छोड़कर सभी ने 40 से ऊपर रन दिए। जडेजा ने चार ओवर में 32 रन खर्चे। वहीं 223 रनों का पीछा करने उतरी रॉयल्स की टीम ने हमेशा की तरह विस्फोटक शुरुआत की और सिर्फ पहली 19 गेंदों में ही 50 रन पूरे कर लिए। टीम का स्कोर 51 रन पर था तब वैभव सूर्यवंशी 16 गेंदों में 43 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल ने पारी को संभाला। जायसवाल ने 27 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली, जबकि ध्रुव जुरेल ने 20 गेंदों में 16 रन बनाए। इसके बाद कप्तान पराग और फरेरा ने पारी को संभाला। हालांकि, 16 गेंदों में 29 रन बनाकर फरेरा आउट हुए। रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 58 रन की दरकार थी। शुभम दुबे ने यानसेन की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ रन गति में इजाफा किया लेकिन फर्ग्युसन के अगले ओवर में सिर्फ आठ रन बने। फरेरा ने 18वें ओवर में अर्शदीप की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा जबकि अंतिम गेंद पर दुबे ने भी छक्का जड़ा जिससे अंतिम ओवर में रॉयल्स को 18 रन की जरूरत थी। फरेरा ने इसके बाद फर्ग्युसन पर दो चौकों और एक छक्के से रॉयल्स का पलड़ा भारी किया और फिर यानसेन पर छक्के के साथ 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और टीम को जीत दिलाई।

# ईंधन कीमतों पर बड़ी खबर बंगाल चुनाव के बाद पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के साथ ही देशभर में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की जो अटकलें लगाई जा रही थीं, उन पर केंद्र सरकार ने पूरी तरह विराम लगा दिया है।पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के साथ ही देशभर में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की जो अटकलें लगाई जा रही थीं, उन पर केंद्र सरकार ने पूरी तरह विराम लगा दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि बुधवार (29 अप्रैल) को वोटिंग खत्म होने के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव का कोई इरादा नहीं है। खुदरा पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार चौथे साल भी वैसी ही बनी हुई हैं, जबकि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण पिछले दो महीनों में कच्चे तेल की कीमतें 50 प्रतिशत से ज़्यादा बढ़ गई हैं।इनपुट लागत और पंप की कीमतों के बीच बढ़ता अंतर सरकारी तेल कंपनियों को भारी नुकसान पहुंचा रहा है – कुछ अनुमानों के मुताबिक, रोजाना का नुकसान लगभग 2,400 करोड़ रुपये है – जिससे तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, केरल और पुडुचेरी में बुधवार को राजनीतिक रूप से अहम विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद कीमतों में जल्द बढ़ोतरी की अटकलें तेज हो गई हैं।पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहींरू सुजाता शर्मापेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों के असर पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ष्पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।वह इस सवाल का जवाब दे रही थीं कि क्या बुधवार को पश्चिम बंगाल में वोटिंग खत्म होने के बाद खुदरा ईंधन की कीमतें बढ़ाई जाएंगी। उन्होंने कीमतों में जल्द बढ़ोतरी की उन अटकलों को खारिज कर दिया, जिनके कारण आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों के कुछ हिस्सों में लोग घबराकर ज़्यादा खरीदारी करने लगे थे। उन्होंने कहा, ष्हमने कुछ जगहों पर लोगों को घबराकर ज़्यादा खरीदारी करते देखा है। हम इन सभी जगहों पर राज्य सरकारों के लगातार संपर्क में हैं। सभी खुदरा आउटलेट्स पर नजर रखी जा रही है और (जिन पेट्रोल पंपों पर ज़्यादा खरीदारी हो रही है, वहां) सप्लाई को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और कोई भी पंप खाली न हो।कीमतों में जल्द बढ़ोतरी की अफवाहों के कारण कई शहरों में लोग घबराकर ज़्यादा खरीदारी करने लगेरिपोर्ट्स के मुताबिक, आंध्र प्रदेश में कीमतों में जल्द बढ़ोतरी की अफवाहों के कारण कई शहरों में लोग घबराकर ज़्यादा खरीदारी करने लगे, जिससे कमी हो गई और रविवार को 400 से ज़्यादा पेट्रोल पंप खाली हो गए। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, कुछ आउटलेट्स पर मांग में 30–33 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी गई। उन्होंने आगे कहा कि देश के पास पेट्रोल और डीजल से लेकर कुकिंग गैस (स्च्ळ) और एविएशन टर्बाइन फ्यूल तक, सभी तरह के ईंधनों का पर्याप्त स्टॉक है, जिससे मांग को पूरा किया जा सके।

# मोहनलाल की दृश्यम 3 को मिली नई रिलीज तारीख, एक्टर ने एक्स पर दी जानकारी



मोहनलाल की अपकमिंग फिल्म के लिए फैंस को थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। मलयालम फिल्म दृश्यम 3 की रिलीज डेट टाल दी गई है। सोमवार को, एक्टर ने अपने एक्स अकाउंट पर इस हिट फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया। इस फिल्म में वह जॉर्जकुट्टी नाम के एक टीवी केबल ऑपरेटर का किरदार निभा रहे हैं।दृश्यम 3 अब 21 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस दिन मोहनलाल का जन्मदिन भी है। मोहनलाल ने एक नई पोस्ट के जरिए रिलीज की नई तारीख शेयर की। कैप्शन में लिखा था, अतीत कभी चुप नहीं रहता। वह बस इंतजार करता है। जॉर्जकुट्टी आ रहा है। 21 मई 2026 को दृश्यम 3 दुनिया भर में रिलीज होगी।मेकर्स ने दृश्यम 3 के टलने की वजह नहीं बताई है। हाल ही में यश की अदाकारी वाली फिल्म टॉक्सिक को टाल दिया गया था। मध्य–पूर्व में चल रहे संघर्ष का हवाला देते हुए फिल्म की रिलीज मार्च से जून तक के लिए टाल दी गई थी। दृश्यम 2 उस हिट फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है, जिसमें जॉर्जकुट्टी को पुलिस से एक गहरा राज छिपाने के लिए संघर्ष करते हुए दिखाया गया है। दृश्यम (2013) और दृश्यम 2 (2021) पूरे भारत में हिट रहीं। हिंदी, सिंहली, मैंडरिन और कोरियन सहित कई भाषाओं में इनका रीमेक बनाया गया।

# रिलीज हुआ पैट्रियट का ट्रेलर, ममूटी और मोहनलाल को देखकर खुश हुए फैंसय दिए ऐसे रिएक्शन

ममूटी, मोहनलाल और नयनतारा जैसे बड़े सितारों से सजी अपकमिंग फिल्म पैट्रियट के ट्रेलर का दर्शकों को काफी इंतजार था। उनका इंतजार खत्म हो गया है। फिल्म का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें ममूटी और मोहनलाल बेहतरीन किरदार में नजर आए हैं।

तीन मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि सरकार एक ऐसा ऐप बनाती है, जिससे आम जनता की निजी जानकारियां सरकार तक पहुंचती हैं। कई लोग इसका गलत इस्तेमाल करते हैं। इस बीच डॉक्टर डैनियल (ममूटी) के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया जाता है। ऐसा लगता है कि वह किसी साजिश का शिकार हुए हैं। इसके बाद ट्रेलर में मोहनलाल नजर आते हैं। चूंकि ममूटी और मोहनलाल बचपन में दोस्त थे इसलिए वह ममूटी की बिना पूछे मदद करना चाहते हैं। हालांकि दोनों के बीच टकराव हो जाता है।फिल्म में हीरो कौन होगा और कौन विलेन होगा, यह फिल्म देखने पर पता चलेगा। ट्रेलर में ममूटी और मोहनलाल एक्शन अवतार में नजर आए हैं। इसमें नयनतारा की भी झलक दिखी है, जो अहम किरदार में हैं। ट्रेलर में फहद फाजिल भी अहम किरदार में नजर आए हैं।

पैट्रियट का हिंदी ट्रेलर देखकर कई यूजर्स ने इस पर कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है ममूटी, मोहनलाल और नयतारा। एक ही फिल्म में तीन पावर हाउस। एक दूसरे यूजर ने लिखा है ममूटी पद्म भूषण पुरस्कार विजेता 2026, मोहनलाल दादासाहेब फाल्के पुरस्कार विजेता 2025। एक और यूजर ने लिखा एक ही फ्रेम में सभी मलयालम लीजेंड।

पैट्रियट का निर्देशन महेश नारायणन ने किया है। इसमें ममूटी, मोहनलाल, नयनतारा, फहद फाजिल, दर्शना राजेंद्रन, कुंचको बोबन और रेवती भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।



# प्रेग्नेंसी में भी फुल आन एक्शन करती दिखेंगी दीपिका पादुकोण, राका को लेकर बढ़ी एक्साइटमेंट

राका को लेकर चर्चा तेज होती जा रही है और बढ़ती एक्साइटमेंट के बीच दीपिका पादुकोण के रोल को लेकर नई डिटेल्स सामने आई हैं. टीम ने पहले ही कन्फर्म कर दिया था कि वो फिल्म में एक बहुत ही जरूरी रोल निभा रही हैं और अपनी प्रेग्नेंसी के बावजूद शूटिंग जारी रखेंगी. अब नई डिटेल्स से ये और साफ हो गया है कि वो फिल्म की कहानी का एक अहम हिस्सा हैं और हमें इस सुपरस्टार के जबरदस्त एक्शन के साथ इमोशनल सीन्स भी देखने को मिलेंगे.

उनके किरदार को लेकर बढ़ती एक्साइटमेंट के बीच सोर्सेज का कहना है कि दीपिका कहानी की मुख्य कड़ी बनी हुई हैं और उनके सीन्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है. रणवीर सिंह के साथ अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद के दौरान भी वो अपने प्रोजेक्ट्स की शूटिंग जारी रखे हुए हैं.

प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, फिल्म में दीपिका की एंट्री धमाकेदार है और अल्लू अर्जुन के साथ उनका एक बड़ा एक्शन सीन भी है. अब ये सीन्स बॉडी डबल की मदद से शूट किए जाएंगे, जबकि दीपिका खुद ड्रामेटिक और इमोशनल सीन्स की शूटिंग जारी रखेंगी. उनके रोल में कोई कटौती नहीं की गई है और वह वैसी ही बनी रहेगी. वह श्राकाय की एक मुख्य किरदार हैं और प्रेग्नेंसी की वजह से कहानी में कोई बदलाव नहीं हुआ है.

एटली के निर्देशन में बन रही श्राकाय को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है, खासकर दीपिका के किरदार को लेकर, जिससे कहानी में काफी इमोशनल गहराई आने की उम्मीद है.एटली द्वारा निर्देशित श्राकाय को लेकर काफी एक्साइटमेंट है, खासतौर पर दीपिका और अल्लू अर्जुन के किरदारों के लिए, जो एटली के विजन के साथ पर्दे पर कमाल करने वाले हैं. इससे पहले एक पूरी प्रेग्नेंसी के दौरान फिल्म की शूटिंग जारी रखेंगी.श्राकाय और 'किंगय जैसी दोनों फिल्मों के काम सुचारू रूप से आगे बढ़ने और उनके किरदारों में कोई



बदलाव न होने के साथ, दीपिका पादुकोण लगातार चर्चा में बनी हुई हैं।

सूत्र ने बताया था, अपनी प्रेग्नेंसी के बीच भी दीपिका पादुकोण श्राकाय के लिए इंटेंस एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं और

## कपिल शर्मा एयर नीतू कपूर की फिल्म दादी की शादी का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर एक बार फिर फिल्मी पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी फिल्म दादी की



शादी का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जिसमें कॉमेडियन कपिल शर्मा भी अहम किरदार में नजर आए हैं। निर्देशन आशीष आर. मोहन ने किया है, जो पहले खिलाड़ी 786 जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म का निर्माण आर–टेक स्टूडियोज, बीइंग–यू स्टूडियोज, शिमला टॉकीज के बैनर तले किया गया है।ट्रेलर दिग्गज अभिनेत्री के इर्द–गिर्द घूमता है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक दादी उम्र की सीमाओं को तोड़ते हुए दोबारा शादी करने का फैसला लेती है, क्योंकि उसे विधवा होकर नहीं, बल्कि सुहागन बनकर दुनिया से जाना है। इस फैसले का परिवार पर क्या–क्या असर पड़ता है, यही फिल्म दिखाती है। नीतू और ऋषि कपूर की बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी भी इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## पूजा हेगड की पर्सनल लाइफ में मिस्ट्री मैन रोहन मेहरा की एंट्री! जानें कौन है ये शख्स

अभिनेत्री पूजा हेगड़े का नाम दिवंगत अभिनेता विनोद मेहरा के बेटे रोहन मेहरा के साथ जोड़ा जा रहा है, जिससे उनकी डेटिंग की खबरें सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर शुरू हुई इन चर्चाओं पर दोनों ने चुप्पी साध रखी है, जबकि फैंस उनके रिश्ते की सच्चाई जानना चाहते हैं। साउथ इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री पूजा हेगड़े इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूजा अभिनेता रोहन मेहरा को डेट कर रही हैं। हालांकि, अभी तक दोनों में से किसी ने भी इन खबरों की पुष्टि नहीं की है। सोशल मीडिया पर एक–दूसरे को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के बाद से ही फैंस ने उनके रिलेशनशिप में होने के कयास लगाने शुरू कर दिए हैं।रोहन मेहरा दिवंगत दिग्गज अभिनेता विनोद मेहरा के बेटे हैं। पिता के निधन के बाद रोहन का बचपन केन्या में बीता और उनकी पढ़ाई–लिखाई यूके में पूरी हुई। बाद में वे मुंबई लौट आए। उनकी बड़ी बहन सोनिया मेहरा भी एक अभिनेत्री हैं, जिन्होंने साल 2007 में फिल्म श्विक्टोरिया नंबर 203श से अपने करियर की शुरुआत की थी।पूजा हेगड़े के आगामी प्रोजेक्ट्स पूजा हेगड़े जल्द ही डेविड धवन के निर्देशन में बनी फिल्म श्है जवानी तो इश्क होना हैश में नजर आएंगी। इस फिल्म में वरुण धवन और मृणाल ठाकुर भी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जो 5 जून को रिलीज होगी। इसके अलावा, पूजा थलापति विजय के साथ फिल्म श्जन नायकनश में भी दिखाई देंगी, जिसे मेकर्स 8 मई को रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।

# रवि बाबू की फिल्म रेजर का ट्रेलर रिलीज

पारंपरिक कहानियों को तोड़कर रचनात्मक सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए मशहूर रवि बाबू अपनी अब तक की सबसे दमदार फिल्म रेजर के साथ वापसी कर रहे हैं। सुरेश बाबू के सुरेश प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत और फ्लाइंग फ्रॉग्स द्वारा निर्मित यह एक्शन थ्रिलर 8 मई को वैश्विक सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। रिलीज की तारीख नजदीक आने के साथ ही, निर्माताओं ने आज रेजर का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया है, जो एक रोमांचक और अप्रत्याशित अनुभव का वादा करता है। रवि बाबू की फिल्म रेजर का ट्रेलर भय और टूटे हुए मन से प्रेरित एक अंधेरे, मनोवैज्ञानिक संसार को दर्शाता है, जो फिल्म को 8 मई को रिलीज होने वाली एक रोमांचक फिल्म के रूप में प्रस्तुत करता है।ट्रेलर में रवि बाबू एक डॉग ग्रूमर से रक्षक बने व्यक्ति की भूमिका में नजर आते हैं, जो एक युवा लड़की को लगातार खतरे से बचाते हुए अपनी सीमाओं को पार कर जाता है। जब मौत लगातार पीछा करने लगती है और बचना नामुमकिन हो जाता है, तो रक्षक देवदूत विनाश के दूत में बदल जाता है, कहानी का सार यही है। दया गायब हो जाती है और झिझक मिट जाती है, बस शुद्ध, बेरोक क्रोध ही रह जाता है। जिसे वह प्रिय मानता है, उसकी रक्षा के लिए, रोष, क्रोध, अराजकता और नरसंहार मिलकर रेजर को जन्म देते हैं। यह एक ऐसा किरदार है जिसमें तीव्र तीव्रता और भावनात्मक गहराई दोनों की आवश्यकता होती है, और रवि बाबू इस द्वंद्व को सहजता से निभाते हैं।लेखक–निर्देशक के तौर पर, रवि बाबू ने रेजर में अपनी खास अंदाज वाली अप्रत्याशितता को एक ज्यादा सुलभ और दिलचस्प कहानी कहने के तरीके के साथ मिलाया है। तकनीकी मोर्चे पर, यह फिल्म चरण माधवनी की शानदार सिनेमैटोग्राफी की वजह से सबसे अलग दिखती है, जो फिल्म के गंभीर और बेचैन कर देने वाले माहौल को बखूबी दिखाती है। एसएस राजेश का दमदार बैकग्राउंड स्कोर तनाव को और बढ़ा देता है, जबकि सतीश पोलोजू की जबरदस्त एक्शन कोरियोग्राफी ट्रेलर में दिखाए गए क्रूर और लगातार चलने वाले एक्शन दृश्यों को पर्दे पर उतारती है। फिल्म के



बेहतरीन प्रोडक्शन मूल्य रेजर के रोमांचक और बेकाबू माहौल को और भी ज्यादा असरदार बनाते हैं, जिससे यह इस गर्मी में सुरेश प्रोडक्शंस की सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली फिल्मों में से एक बन गई है।रेजर का थिएट्रिकल ट्रेलर दर्शकों में जबरदस्त उत्सुकता जगाता है और इस फिल्म को एक हाई–वोल्टेज, रोंगटे खड़े कर देने वाली थ्रिलर के तौर पर पेश करता है, जिसे 8 मई को जरूर देखा जाना चाहिए। दमदार अभिनय, क्रूर एक्शन और एक गहरे मनोवैज्ञानिक पहलू के साथ, रवि बाबू की रेजर का मकसद पर्दे पर एक जबरदस्त तहलका मचाना है। सुरेश प्रोडक्शंस और फ्ध्लाइंग फ्ध्रॉग्स के सहयोग से बनी यह जबरदस्त एक्शन थ्रिलर, उन दर्शकों के लिए एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है जो तेलुगू सिनेमा में कुछ नया और लीक से हटकर देखना चाहते हैं।

# अक्षय कुमार की भूत बंगला की 11वें दिन भी नहीं रुकी कमाई, किया धमाकेदार बाक्स आफिस कलेक्शन

भूत बंगला बॉक्स ऑफिस पर कब्जा बनाए हुए है. फिल्म ने 10 दिनों में ही कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और 11वें दिन भी फिल्म ने धमाल काम किया है. फिल्म पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं. आइए नजर डालते हैं फिल्म के कलेक्शन पर.

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने 11वें दिन 3.65 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म को 8755 शोज मिले और 11 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म के 11वें दिन के कलेशन के आंकड़े अभी ऑफिशियल नहीं आए हैं. पर अगर फिल्म ने 11वें दिन 3.65 करोड़ का कलेक्शन किया तो फिल्म का टोटल कलेक्शन 117.05 करोड़ हो गया है. फिल्म ने टोटल ग्रॉस कलेक्शन 139.25 करोड़ कर लिया है. वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म ने 18875 करोड़ कमा लिए हैं.भूत बंगला ने 11वें दिन ओवरसीज मार्केट में 1.50 करोड़ का कलेक्शन किया. ओवरसीज मार्केट में टोटल फिल्म ने 49.50 करोड़ कमाए. मालूम हो कि फिल्म 120 करोड़ के बजट में बनी है. फिल्म का टोटल कलेक्शन 117.05 करोड़ हो गया है तो फिल्म जिस हिसाब से कमा रही है मंगलवार को बजट पूरा वसूल लेगी.मालूम हो कि फिल्म ने पेड प्रिव्यूज में 3.75 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं 12.25 करोड़ की शानदार ओपनिंग की. अक्षय की इस फिल्म ने दूसरे दिन 19 करोड़ का कलेक्शन किया. तीसरे दिन फिल्म को रविवार का फायदा मिला और फिल्म ने 23 करोड़ कमाए. चौथे दिन फिल्म ने 6.75 करोड़ कमाए. पांचवें दिन फिल्म ने 8 करोड़ कमाए. छठे दिन 6.15 करोड़, सातवें दिन 5.50 करोड़, आठवें दिन 5.75 करोड़, नौवें दिन 10.75 करोड़, दसवें दिन 12.50 करोड़ कमाए.भूत बंगला को भूल भुलैया, हेरा फेरी जैसी फिल्में बनाने वाले प्रियदर्शन ने बनाया है. प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की जोड़ को फैंस बहुत पसंद करते हैं. उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाती हैं. भूत बंगला ने भी धमाल मचा दिया है. फिल्म में अक्षय के अलावा तबु, वामिका गब्बी, परेश रावल, राजपाल यादव जैसे स्टार्स हैं.



# हुमा कुरैशी का अप्रैल महीना कैसा बीता, एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर किया शेयर

अप्रैल महीना समाप्त होने वाला है। ऐसे में अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बीते महीने की एक झलक पेश की है। अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अप्रैल के महीने के बचे हुए सामान को साझा करते हुए स्वीकार किया कि उन्हें लगता है कि अप्रैल का महीना बहुत जल्दी बीत गया।उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, यह महीना... बहुत तेजी से बीत रहा है... अप्रैल अभी खत्म भी नहीं हुआ है।एल्बम की पहली तस्वीर में हुमा अपने बिस्तर पर लेटी हुई थीं। इसके बाद गैंग्स ऑफ वासेपुर की अभिनेत्री की एक और शानदार तस्वीर थी, जिसमें वह मिरर सेल्फी में बेहद आकर्षक लग रही थीं।कैफे में आराम करने से लेकर सड़क पर खुशी–खुशी अपनी कॉफी का आनंद लेने तक और खरीदारी करने तक, अप्रैल का महीना हुमा के लिए गतिविधियों से भरा हुआ था।इस पोस्ट में हुमा द्वारा पसंद किए गए सभी स्वादिष्ट व्यंजनों की झलक भी मिलती है, जिनमें एक संतुलित देसी थाली, वड़ा पाव और बर्गर शामिल हैं।जॉली एलएलबी 2 की अभिनेत्री ने अपने प्यारे पालतू जानवर की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।काम की बात करें तो हुमा कुरैशी यश अभिनीत फिल्म टॉक्सिकरू ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन–अप्स की रिलीज के लिए तैयार हो रही हैं, जिसमें वह एलिजाबेथ की भूमिका निभाएंगी।इससे पहले फिल्म निर्माता गीतु मोहनदास ने खुलासा किया था कि एलिजाबेथ की भूमिका निभाने के लिए एक उच्च क्षमता और करिश्माई स्क्रीन प्रेजेंस वाले अभिनेता की आवश्यकता थी, जो गुण उन्हें हुमा में मिले।मोहनदास ने सोशल मीडिया पर एक बयान पोस्ट करते हुए कहा, इस भूमिका के लिए कास्टिंग शायद सबसे मुश्किल काम था। इस किरदार के लिए एक ऐसे कलाकार की जरूरत थी, सिमें जबरदस्त प्रतिभा और दमदार व्यक्तित्व हो। जिस पल हुमा मेरे सामने आई, मैंने महसूस किया कि उनमें कुछ दुर्लभ गुण मौजूद हैं।निर्देशक ने आगे कहा कि हुमा में एक सहज परिष्कार और तीव्रता थी, जिसने एलिजाबेथ के चरित्र को तुरंत जीवंत कर दिया।मोहनदास ने आगे कहा, हुमा एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो किसी भूमिका की कलात्मक व्याख्या पर सवाल उठाती हैं, उसकी पड़ताल करती हैं और उसे चुनौती देती हैं, और यह संवाद हमारी रचनात्मक यात्रा का एक अभिन्न अंग बन गया। उन्हें हमेशा से प्रतिभा का धनी माना जाता रहा है, लेकिन यह प्रदर्शन सिनेमा पर एक निर्विवाद, प्रभावशाली नई उपस्थिति के आगमन का निर्णायक मोड़ साबित होगा।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।